द्रव्य १, वित्त २, स्वापतेय ३, रिक्थ ४, ऋक्थ ५, धन६, वसु ७,हिरण्य ८,द्रविण ९ द्युम्न १०,अर्थ११, रै १२,विभव १३, ये धन के नाम हैं॥९०॥इस अमरकोश के प्रमाण से'हिरण्य'शब्द का अर्थ धन भी होता है । गौ पृथ्वी वाणी इन्द्रियादिक को। अब यहाँ पर यह सन्देह होता हैं कि गाम् पद का अनेक पृथ्वी

आदिक अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि भ्वादिपठित "गमॄ गतौ" धातु से ॥गमेर्डोः ॥उणा. पा. २ ॥ इस सूत्र से डो प्रत्यय होकर ॥ गोतोणित्॥९॥१।९०॥ इस पाणिनीय सूत्र से णित् हो करके ॥औतोऽम्शसोः ।६।१।९३॥ इस सूत्र से "गाम्" पद निष्पन्न होता है। गमेर्डोः ॥ इस उणादि सूत्र से यहाँ स्पष्ट गो शब्द का अनेक अर्थ लिखा है कि—

गौर्नादित्ये बलीवर्दे किरणक्रतुभेदयोः ।
स्त्री तु स्याद्दिशि भारत्यां भूमौ च सुरभावपि ।
नृस्त्रियोः स्वर्गवज्राम्बुरश्मिदृग्बाणलोमसु ॥सिद्धान्तकौ.॥

आदित्य १; बलीवर्द २, किरण भेद ३, क्रतु भेद ४ में पुँलिंग गो शब्द का प्रयोग होता है। और दिशा १; वाणी २, भूमी ३, सुरभी ४, में स्त्रीलिंग गो शब्द का प्रयोग होता है। तथा स्वर्ग १, व्रज २; जल ३, रश्मि ४, नेत्र ५, बाण ६, लोम ७, में पुँलिंग और स्त्रीलिंग दोनों गो शब्द का प्रयोग होता है।

गौः स्वर्गे वृषभे रश्मौ वज्रे चन्द्रे पुमान् भवेत् ।
अर्जने नेत्रदिग्बाणभूवाग्वारिषु गौर्मता ॥इतिकोशः॥

स्वर्ग में १, बैल में २; किरण में ३, वज्र में ४, चन्द्रमा में ५, पुँलिंग गो शब्द का प्रयोग होता है और अर्जन में १, नेत्रमें २, दिशा में ३, बाण में ४, पृथ्वी में ५, वाणी में६, वारि में ७, स्त्रीलिंग गो शब्द का प्रयोग होता है ॥इन कोशों के प्रमाणों से गो शब्द का अनेक अर्थ होता है। और भी लिखा है कि—

गावो ह जज्ञिरे तस्मात् ॥

ऋग्वे. अष्ट. ८ मण्ड. १० अध्या. ४ अनुवा. ७ सू. ९ मं १०

उस परब्रह्मनारायण से गायें उत्पन्न हुईं ॥१०॥

गावो ह जज्ञिरे तस्मात् ॥शुक्लयजुर्वे. अध्या. ३१ मं. ८॥

अनिर्दशाया गोःक्षीरम् ॥ मनु स्मृ. अ. ५ श्लो. ८॥

दश दिन के भीतर ब्याइ हुई गौ का दूध न पिये ॥८॥

कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम् ।

भगवद्गी. अ. १८ श्लो.४४॥

कृषि १, गौरक्ष्य २, वाणिज्य ३, ये वैश्य के स्वभाव से उत्पन्न कर्म हैं ॥४४॥

गावो में अग्रतः सन्तु गावो मे सन्तु पृष्ठतः ।

गावो मे सर्वतः सन्तु गवां मध्ये वसाम्यहम् ॥पद्मपुरा० ॥

गौवें मेरे आगे हों तथा गौवें मेरे पीछे हों गौवें मेरे सब तरफ हों और गौवों के मध्य में मैं निवास करूँ ॥

माहेयी सौरभेयी गौ रुस्रा माता च शृङ्गिणी ।

अमर को. कां. २ व. ९ श्लो. ६६॥

अर्जुन्यघ्न्या रोहिणी स्यात् ॥६७॥

माहेयी १,सौरभेयी २, गौ ३, उस्रा ४, माता ५,शृङ्गिणी६, ॥६६॥अर्जुनी ७, अघ्न्या ८, रोहिणी ९, ये गौ के नाम है ।६७। इन पूर्वोक्त प्रमाणों से गो शब्द का अर्थ गाय होता है। और-

गामाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा ।

भगवद्गी. अ. १५. श्लो. १३. ॥

मैं पृथ्वी में प्रवेश करके बल से भूतों को धारण करताहूँ॥१३॥

भूर्भूमिरचलाऽनन्ता रसा विश्वम्भरा स्थिरा ।
धरा धरित्री धरणिः क्षोणिर्ज्या काश्यपी क्षितिः ॥

अमर० कां० २ व० १ श्लो० २ ॥

सर्वंसहा वसुमती वसुधोर्वी वसुन्धरा ।
गोत्रा कुः पृथिवी पृथ्वी क्ष्माऽवनिर्मेदिनी मही ॥३॥
विपुला गह्वरी धात्री गौरिला कुम्भिनी क्षमा ।
भूतधात्री रत्नगर्भा जगती सागराम्बरा ॥४॥

भू १, भूमि २, अचला ३, अनन्ता ४, रसा ५, विश्वम्भरा ६, स्थिरा ७, धरा ८, धरित्री ९, धरणि १०, क्षोणि ११, ज्या १२, काश्यपी १३, क्षिति; १४, ॥२॥ सर्वंसहा १५, वसुमती १६, वसुरा १७ उर्वी १८, वसुन्धरा १९, गोत्रा २०, कु २१, पृथिवी २२, पृथ्वी २३, क्ष्मा २४, अवनि २५, मेदिनी २६, मही २७, ॥३॥ विपुला २८, गह्वरी २९, धात्री ३०, गौ ३१, इला ३२, कुंभिनी ३३, क्षमा ३४, भूतधात्री ३५, रत्नगर्भा ३६, जगती, ३७, सागराम्बरा ३८, ये पृथ्वी के नाम हैं॥४॥ इस अमरकोश के प्रमाण से 'गो' शब्द का अर्थ पृथिवी भी होता है। और तुरङ्ग को, अब यहाँ पर यह शङ्का

होती है कि अश्व शब्द का अर्थ तुरङ्ग कैसे होता है ? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

तस्मादश्वा अजायन्त ॥

ऋग्वे०अष्ट० ८ मं० १० अध्या० ४ अनवा० ७ सू० ९० मं १०॥

उस परब्रह्म नारायण से तुरङ्ग उत्पन्न हुए ॥१०॥

तस्मादश्वा अजायन्त ॥शुक्लयजु. अ. ३१ मं. ८ ॥

इनश्रुतियों के प्रमाण से और—

घोटके वीतितुरगस्तुरङ्गाश्वतुरङ्गमाः ।

वाजिवाहार्वगन्धर्वहयसैन्धवसप्तयः ॥

अमर० कां० २ व ८ श्लो० ४३॥

घोटक १, वीति २, तुरग ३, तुरङ्ग ४, अश्व ५, तुरङ्गम६, वाजि ७,वाह ८,अर्वन्९गन्धर्व १०,हय ११,सैन्धव १२,सप्ति १३, ये तुरङ्ग के नाम हैं ॥४३॥इस अमरकोश के भी प्रमाण से अश्व शब्द का अर्थ तुरङ्ग होता है । और भी लिखा है कि "स्वादि-पठित" अशू व्याप्तौ संघाते च ॥धातु से॥ अशू प्रुषिलटिकणि-खटिविशिभ्यः क्वन् ॥उणा० पा० १॥ इस उणादि सूत्र से क्वन् प्रत्यय होकर निष्पन्न "अश्व" शब्द होता है —

अश्वः पुं जातिभेदे च तुरङ्गे च पुमानयम् ॥मेदिनीको० ॥

पुलिंग जातिभेद में और तुरङ्ग में पुलिंग अश्व शब्द का प्रयोग होता है यह मेदिनी कोश में लिखा है—

अश्वः पुंभेदवाजिनोः ॥विश्वको०॥

पुंभेद में और वाजि में अश्व शब्द का प्रयोग होताहै यह विश्वकोश में लिखा है। इन प्रमाणों से स्पष्ट "अश्व" शब्द का अर्थ तुरङ्ग होता है। भगवत् भागवत आचार्यों को अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि पुरुषान् पद का अर्थ भगवत् भागवत आचार्य कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—'पुरुषश्च पुरुषश्च पुरुषश्च' इस विग्रह में ॥चार्थेद्वन्द्वः॥२।२।२९। इस सूत्र से द्वन्द्व समास होने पर॥ सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ १।२।६४॥ इस सूत्र से एक शेष तथा ॥तस्माच्छसो नः पुंसि ॥ ६।१।१०३॥ इस सूत्र से नकार होकर निष्पन्न 'पुरुषान्' पद होता है। उसमें पहले 'पुरुष' शब्द का अर्थ भगवत् है तथा दूसरेका अर्थ भागवत्त है। और तीसरे पुरुष शब्द का अर्थ आचार्य है। यद्यपि 'पुरुषान्' यहाँ पर एक ही शेष पुरुष शब्द है तौ भी—

शिष्यमाणः लुप्यमानार्थाभिधायी ।

इस न्याय से पूर्वोक्त तीनों अर्थ एक ही पुरुष शब्द से ज्ञात होता है। अब यहाँ पर यह शङ्का होती है कि पुरुष शब्द का अर्थ भगवान् है इसमें क्या प्रमाण है ? इसका उत्तर यह लिखाहै कि—

सहस्रशीर्षा पुरुषः ॥

ऋग्वे० अष्ट० ८ मं० १० अध्या० ४ अनुवा० ७ सूक्त०९ मं०१॥

त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः ॥४॥ पुरुषं जातमग्रतः ॥७॥

सहस्र मस्तक वाले भगवान् हैं ॥१॥ त्रिपाद्विभूति से ऊपर भगवान् उदय होते हैं ॥४॥ पहले उत्पन्न भगवान् को प्रोक्षण किये ॥७॥ और यजुर्वेद में है कि—

सहस्रशीर्षा पुरुषः ॥यजुर्वे० अ० ३१ मं० १॥

त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः ॥४॥ पुरुषं जातमग्रतः ॥६॥

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तम् ॥१८॥

मैं इस महान् भगवान को जानता हूँ ॥१८॥

पुरुषो ह वै नारायणोऽकामयत ॥नारायणोपनि. मं १॥

निश्चय करके परब्रह्म नारायण भगवान् कामना किये॥१॥

पुरुषं ह नारायणं प्रजापतिरुवाच ॥शतपथ ब्राह्मण॥

ब्रह्मा ने परब्रह्म नारायण भगवान् से कहा।

अनेन विधिना कृत्वा स्नपनं पुरुषस्य तु ॥बोधायनस्मृ०॥

बोधायनस्मृति में लिखा है कि—इस विधि से भगवान् का स्नपन करके।

मध्ये दीपवत्पुरुषं ध्यायेत् ॥विष्णुस्मृ. अध्या. ९८॥

विष्णुस्मृति में लिखा हैं कि—मध्य में दीप के समान भगवान् को ध्यान करे ॥९८॥

एष वै पुरुषो विष्णुर्व्यक्ताव्यक्तः सनातनः॥शंखस्मृ. अ. ७॥

शंखस्मृति में लिखा है कि—यह विष्णु भगवान् निश्चय करके

व्यक्ति से अव्यक्त सनातन हैं ॥७॥

पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम् ॥

भ० गी० अ० १० श्लो० १२॥

श्रीमद्भगवद्गीता में लिखा है कि—शाश्वत दिव्य आदि देव अज विभु भगवान् आपको ही श्रुतियाँ कहती हैं ॥१२॥

प्राणायामेन पुरुषं ध्यायमाना जनार्दनम ॥वाल्मी. रामाय.॥

श्री रामायण में लिखा है कि—प्राणायाम से जनार्दन भगवान् को चिन्तवन करती हुई।

नारायणस्तु पुरुषो विश्वरूपो महद्युतिः ॥महाभार०॥

महाभारत में लिखा है कि—विश्वरूप महाद्युति परब्रह्म नारायण भगवान् हैं।

अथवा पुरुषसूक्तेन पुरुषं नित्यमर्चयेत् ॥अग्निपुरा०॥

अग्निपुराण में लिखा है कि—अथवा पुरुषसूक्त से नित्य प्रति नारायण भगवान्की पूजा करे।!

पुरुषं पुरुषसूक्तेन उपतस्थे समाहितः॥भागवत०॥

समाहित होकर पुरुषसूक्तसे नारायण भगवान्का उपस्थान किये॥

स एव वासुदेवोऽयं साक्षात्पुरुष उच्यते ॥नरसिंहपुरा०॥

वह वासुदेव निश्चय करके साक्षात् भगवान् कहे जाते हैं।

पुं संज्ञे तु शरीरेऽस्मिन् शयनात्पुरुषो हरिः।

शकारस्य षकारोयं व्यत्ययेन प्रयुज्यते ॥
यद्वा पुरे शरीरेऽस्मिन्नास्ते स पुरुषो हरिः।
यदि वा पुरवासीति पुरुषः प्रोच्यये हरिः ॥
यदि वा पूर्वमेवासमिहेति पुरुषं विदुः।
यदि वा बहुदानाद्वै विष्णुः पुरुष उच्यते॥
पूर्णत्वात्पुरुषो विष्णुः पुराणत्वाच्च शार्ङ्गिणः ।
पुराणभजनाच्चापि विष्णुः पुरुष ईर्यते ॥
यद्वा पुरुषशब्दोऽयं रूढ्या वक्ति जनार्दनम् ॥पा०॥

पुंनाम इस शरीर में सोने से नारायण भगवान् .पुरुष हैं शकार को इस पुरुष शब्द में षकार व्यत्यय से प्रयोग कियाजाता हैं। अथवा इस शरीर में नारायण भगवान् रहते हैं इससे पुरुष कहे जाते हैं। या शरीर में वास करते हैं इससे नारायण भगवान् कहे जाते हैं। पुरुष अथवा इस संसार में पहलेसे नारायण भगवान् थे इससे महर्षि लोग उनको पुरुष जानते हैं। या बहुत दान देने से ही विष्णु भगवान् पुरुष शब्द से कहे जाते हैं। नारायण भगवान् के पूर्ण होने से विष्णु पुरुष कहे जाते हैं। अथवा पुराण होने से नारायण भगवान पुरुष कहे जाते हैं। या पुराण के सेवन करनेसे विष्णु भगवान् पुरुष कहेजातेहैं ।अथवा यह पुरुष शब्द रूढ़ी से ही जनार्दन भगवान् को कहता है । इन पूर्वोक्त श्रुति, स्मृति, इतिहास और पुराणों के प्रमाणों से पुरुष

शब्द का अर्थ भगवान् होता है। इस प्रकार की पहली शंका के समाधान होने पर तो दूसरी शंका होती है कि "पुरुष" शब्द का अर्थ भागवत कैसे होता है ? इस शंका का समाधान यह हैं कि–

पुरुष एवेदं सर्वम् ॥ ऋग्वे० अष्ट० ८ मं० १० अध्या० ४ अनुवा० ७ सू० ९ मं० २ ॥

यह सब पुरुष है ॥२॥

पुरुष एवेदं सर्वम् ॥यजुर्वे० अ० ३१ मं० २॥

यहां पर सबको पुरुष शब्द से वेद कहा है। और सबके अन्दर भागवत भी हैं इससे "पुरुष" शब्द क. अर्थ भागवत भी होता है।

द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते ॥ म० गी० अ० १५ श्लो० १६॥

लोक में दो प्रकार के पुरुष हैं। एक क्षर और दूसरा अक्षर है। उसमें ब्रह्मा से लेकर चींटी पर्यन्त क्षर पुरुष हैं और कूटस्थ मुक्तात्मा अक्षर पुरुष है। यह ऋषियों ने कहा है ॥१६॥

ब्रह्माद्याः सकला देवा यक्षतुम्बुरुनारदाः। ते सर्वे पुरुषांशत्वादुच्यन्ते पुरुषा इति ॥पाद्म० ॥

ब्रह्मा आदिक तथा सब देवता यक्ष तुम्बुरु और नारदादिक भागवत ये सब पुरुष के अंश होने से पुरुष कहे जाते हैं ॥

पुरुषो धातुपुन्नाम नरात्मपरमात्मसु ॥अभिधानकोश०॥

धाता में, पुन्नाम में २,नर में ३, जीवात्मा में ४,परमात्मा में ५, पुरुष शब्द का प्रयोग होता है। इन श्रुति स्मृति पुराण तथा कोश के प्रमाणों से "पुरुष" शब्द का अर्थ भागवत होता है। इस प्रकार से दूसरी शंका के समाधान होने पर तीसरी शंका होती है की "पुरुष" शब्द का अर्थ आचार्य कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि—

गुरुः साक्षादादिनारायणः पुरुषः ॥त्रिपाद्विभूतिमहाना०अ० ८॥

गुरु साक्षात् आदि नारायण पुरुष हैं ॥८॥

गुरुरेव हरिः साक्षात् ॥ब्रह्मविद्योपनि० मं० ३१॥

गुरु ही साक्षात् नारायण हैं ॥३१॥

यथा गुरुस्तथैवेशः ॥योगशिखोपनिः अ०५ मं० ५८॥

जैसा गुरु वैसा ही परमात्मा ॥५८॥

यथा देवे तथा गुरौ ॥श्वेताश्वतरो०अ०६ मं० २३॥

जैसी भक्ति परब्रह्मनारायणदेव में वैसी ही श्रीगुरुदेव में॥२३॥

आचार्यो ब्रह्मणो मूर्तिः ॥मनु० अ० २ श्लो० २२६॥

आचार्य परमात्मा की मूर्ति हैं ॥२२६॥

आचार्यं मां विजानीयात् ॥श्रीमद्भा० स्कं० ११ अ० १७ श्लो. २७ ॥

आचार्य को परमात्मा समझे ॥२७॥

इन प्रमाणों से "पुरुष" शब्द का अर्थ आचार्य भी होता है। अथवा पुत्र, पौत्र, भृत्य आदिक मनुष्यों को। अब यहां पर यह प्रश्न होता है की "पुरुष" शब्द का अर्थ मनुष्य कैसे होता है? इसका उत्तर अमरकोश में लिखा है कि—

पुरुषा वात्ममानवौ ॥ अमर० कां० ३ व० श्लो० २१९॥

आत्मा में और मनुष्य में पुरुष शब्दका प्रयोग होता है ।२१९।

मनुष्या मानुषा मर्त्या मनुजा मानवा नराः ।
स्युः पुमांसः पञ्चजनाः पुरुषाः पूरुषा नराः ॥
अमर० कां० २ व० ५ श्लो० १।

मनुष्य १, मानुष २, मर्त्य ३, मनुज ४, मानव ५, नर ६, पुमान् ७, पंचजन ८, पुरुष ९, पूरुष १०, नर ११, ये मनुष्यके नाम हैं ।१।.इस अमरकोष के प्रमाण से "पुरुष 'शब्द' का अर्थ मनुष्य होता है। प्राप्त कर लूँ "विन्देयम्" यह 'पद तुदादि पठित "विद्लृलाभे" धातु से ॥ तुदादिभ्यः शः ॥ ३।१।७७ ॥ इस सूत्र से श प्रत्यय तथा ॥ शे मुचादिनाम् ॥७।१।५९॥ इस सूत्र से नुम् होकर निष्पन्न होता है। इस दूसरी ऋचा का भावार्थ यह हुआ कि हे अग्ने तूँ मेरे लिए उस विश्वविख्यात (मुझे छोड़कर कभी नहीं जाने वाली) लक्ष्मी देवी को बुला कर प्राप्त करावो जिस पुरुषकारस्वरूप लक्ष्मी देवी के प्राप्त होने पर सुवर्ण, गौ, अथवा पृथ्वी, घोड़ा और पुरुषों को मैं प्राप्त कर लूँ॥२।

॥ तृतीया-ऋक् ॥

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रबोधिनीम् ।
श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम् ॥३॥

अन्वयार्थ—मैं (अश्वपूर्वाम्) प्रथमप्रकाराजिर में स्थित तुरङ्गवाली अथवा घोड़ा जिसके आगे चल रहे हैं (रथमध्याम्) मध्यम प्रकाराजिर में स्थित रथवाली अथवा रथ जिसके मध्य भाग में है (हस्तिनादप्रबोधिनीम्) तृतीय प्रकाराजिर में स्थित गजों के शब्दों से जागनेवाली या हाथियों के नादों से प्रबोध करानेवाली (देवीम्) विष्णु भगवान् के साथ क्रीड़ा करने वाली (श्रियम्) सबकी सेवा करने योग्य श्री देवी को (उपह्वये) समीप में बुलाता हूँ (देवी) दिव्य गुण वाली (श्रीः) सर्व सेव्या श्री देवी (मा) मुझको (जुषताम्) सेवन करें ॥ ३ ॥

विशेषार्थ—लक्ष्मी दिव्य नगर में प्रथम प्रकारावृत्त वीथी में घोड़ा रहते हैं। तथा द्वितीय प्रकारावृत्त वीथी में रथ रहते हैं। और तृतीय प्रकारावृत्त वीथी में हाथी रहते हैं। इस ऋचा में मैं "अहम्" इस कर्तृपद का आक्षेप हुआ है। प्रथम प्रकाराजिर में स्थित अश्ववाली "अश्वपूर्वाम्" यहाँ पर ॥अश्वाः पूर्वे प्रथमप्रकाराजिरस्थिता यस्यास्ताम्॥ इस व्युत्पत्ति में अनेकमन्यपदार्थे ॥२।२।२४॥ इस सूत्र से बहुव्रीहि समास हुआ है। मध्यम प्रकाराजिर में स्थित स्यन्दन वाली 'रथमध्याम्'

यहाँ पर।।रथाः मध्यमा प्रकाराजिरस्थिता यस्यास्ताम् ।। विग्रह मे बहुव्रीहि समास हुआ है। अब यहाँ पर यह शंका होती है कि "रथ" शब्द का अर्थ स्यन्दन कैसे होता है ?.इसका समाधान यह है कि –

याने चक्रिणि युद्धार्थे शताङ्गः स्यन्दनो रथः ।।

अमर० कां० २ व० ८ श्लो० ५१.।।

चक्र वाला युद्ध के लिए यान में शताङ्ग १, स्यन्दन २,रथ ३, इनका प्रयोग होता है ।।५१।। इस अमरकोश के प्रमाण से "रथ" शब्द का अर्थ स्यन्दन होता है। तृतीय प्रकाराजिर में स्थित गजों के शब्दों से जागनेवाली " हस्तिनादप्रबोधिनीम् " यहाँ पर " हस्तिनांतृतीयप्रकाराजिरस्थितानां दन्तिनां नादैःशब्दैः प्रबोधिनीं जागरण शीलाम्" यहाँ पर पहले ।।षष्ठी ।।२।२।८।।इस सूत्र से षष्ठीतत्पुरुष समास होकर तृतीयातत्पुरुष समास हुआ है। अब यहाँ पर यह सन्देह होता है कि "हस्ति" शब्द का अर्थ गज कैसे होता है ? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

दन्ती दन्तावलो हस्ती द्विरदोऽनेकपो द्विपः ।
मतङ्गजो गजो नागः कुञ्जरो वारणः करी ।।

अमर० कां २ व० ८ श्लो० ३४ ।।इभः स्तम्बेरमः पद्मी ।।३५।।

दन्ती १, दन्तावल २, हस्ती ३, द्विरद ४, अनेकप ५, द्विप ६, मतङ्गज ७, गज ८, नाग ९, कुञ्जर १०, वारण ११, करी १२, ।।३४।। इभ १३, स्तम्बेरम १४, पद्मी १५, ये हाथी के नाम हैं ।।३५।।

इस अमरकोश के प्रमाण से "हस्ति" शब्द का अर्थ गज होताहै अथवा "हस्तिनाद प्रबोधिनीम्" इस पद का अर्थ स्वायम्भुव के वचन की रीति से यह होता है कि—

कोणपत्रगजैर्हेमकलशैरमृतोदकैः ।
सदाभिषिच्यमानां तां बोध्यमानां च तैर्गजैः ॥स्वायम्भुवव॥

अपने आसन के पद्मदल पर स्थित गजों के नादों से नित्य प्रबोधवाली। अथवा पूर्वोक्त तीनों "अश्वपूर्वाम्" आदिक पदों का यह अर्थ है कि–श्रीदेवी के प्रयाणकाल में सेना के अग्रभाग में उच्चैश्रवा आदिक घोड़ा चलते हैं। और मध्यभागमें पुष्पक आदिक रथ चलते हैं। तथा समीप में ऐरावत आदिक गजों के नादों से प्रबोध पानेवाली। विष्णु भगवान् के साथ क्रीडा करने वाली। अब यहाँ पर यह सन्देह होता है कि "देवी" शब्द का अर्थ क्रीडा कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि दिवादिपठित ।।दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमद-स्वप्नकान्तिगतिषु ।।इस धातु से। नन्दिग्रहिपचादिभ्योल्युणिन्यचः ॥३।१।३४॥ इस सूत्र से "दीव्यति" ऐसा विग्रह में पचादिगण में देवट् निष्पन्न होता है। इसके बाद ॥टिड्ढाणञ् ॥४।१।१५॥ इस सूत्र से ङीप् होकर "देवी" बनता है। इस व्याकरण के प्रमाणसे 'देवी' शब्द का अर्थ क्रीडा करने वाली होता है। सबकी सेवा करने योग्य। "श्रियम्" यहाँ पर ॥ अचिश्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ ॥६।४।७७॥ इस सूत्र से इयङ् हुआ है।

लक्ष्मी जी को समीप में बुलाता हूँ। "उपह्वये" यह पद भ्वादिपठित। ह्वे अ स्पर्धायां शब्दे च। इस धातु से। कर्तरि शप्। ३।१।६८। इस सूत्र से शप् तथा एचोऽयवायावः। ६।१।७८। इस सूत्र से अय् होकर सिद्ध होता है। यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि "उप" का समीप अर्थ कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि—

समित्पाणयो भगवन्तं पिप्पलादमुपसन्नाः ॥

प्रश्नोपनि. प्रश्न. १ मं. १ ॥

सुकेशा आदिक महर्षि हाथों में समिधा लिये हुए भगवान् पिप्पलाद महर्षि के समीप में प्राप्त हुए ॥ १ ॥

आचार्यमुपसंगम्य राजा वचनमब्रवीत् ॥

भ गी. अ. १ श्लो. २ ॥

दुर्योधन राजा द्रोणाचार्य के समीप में जाकर वचन कहा ॥ २ ॥ इन पूर्वोक्त श्रुति तथा स्मृति के प्रमाणों से "उप" का अर्थ समीप होता है।

वह दिव्यगुण युक्त विष्णु भगवान् से क्रीड़ा करने वाली "देवी" यहाँ पर हलङ्याब्भ्यो दीर्घात्सुतिस्य पृक्तं हल्। ६।१।६८ इस सूत्र से लोप होता है। सब जगत् के आश्रयण करनेयोग्य १, और अपने आप परब्रह्म नारायण को आश्रयण करने वाली २, तथा आश्रितों के विज्ञापन को सुननेवाली ३, और अपने प्रियतम भगवान् से आश्रितों की प्रार्थना सुनानेवाली ४, तथा आश्रितों के

दोषों को नाश करनेवाली ५, और समस्त संसार को अपने गुणों से वृद्धि करनेवाली ६, श्री देवी। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "श्री" शब्द का छव अर्थ कैसे होता है। इसका उत्तर यह है कि—भ्वादि पठित "श्रिञ सेवायाम्" इस धातु से "श्रयति नारायणम्" इस विग्रह में "श्री" शब्द।

किब्वचि प्रच्छिश्रिस्रुद्रुप्रुज्वां दीर्घोऽसम्प्रसारणं च ॥

उणादि० पा० २ ॥

इस उणादि सूत्र से सिद्ध होता है जिसका अर्थ यह है कि अपने आप परब्रह्म को आश्रयण करती है। या भ्वादि पठित "श्रिञ् सेवायाम्" धातु से ॥श्रीयते सर्वैः॥ इस व्युपत्ति में॥ किब् वचिप्रच्छ्रयतस्तुकटप्रुजुश्रीणां दीर्घोऽसम्प्रसारणं च॥ इस वार्तिक से "श्री" शब्द निष्पन्न होता है। जिसका अर्थ यह है कि सब संसार जिसका आश्रयण करता है। अथवा क्र्यादिपठित "श्रीञ् पाके" धातु से "गुणैः सर्वजगतीं श्रीणाति" इस विग्रह में "श्री" शब्द ॥ किप् च ॥ ३।२।७६ ॥ इस सूत्र से सिद्ध होता है। जिसका अर्थ यह है कि समस्त संसार को अपने गुणों से जो परिपक्व करती है। या भ्वादिपठित "श्रु श्रवणे" धातु से "सेश्रित गिरः शृणोति" इस विग्रह में ॥ उणादयो बहुलम् ॥ ३।३।१॥ इस सूत्र से डी प्रत्यय और टिलोप होकर निष्पन्न "श्री" शब्द होता है। जिसका अर्थ यह है कि—आश्रितों के विज्ञापन को सुनती है। अथवा भ्यादिपठित "श्र श्रवणे" धातु से प्रयोजक व्यापार में ॥ प्रेयांसं श्रितजनवचः श्रावयति" इस व्युत्पत्ति में—

संज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे ।
कार्याद्विद्यादनूबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु ॥सिद्धान्तकौ०॥

इस व्याकरण के नियम से "श्री" शब्द सिद्ध होता है । जिसका अर्थ यह है कि—प्रियतम भगवान् से अपने आश्रित जनों की प्रार्थना सुनाती है । या क्र्यादिपठित " शृ हिंसायाम् " इस धातु से "शृणाति भक्तदोषान् " इस विग्रह में ॥उणादयो बहुलम् ॥ ३।३।१ ॥ इस सूत्र से "श्री" शब्द निष्पन्न होता है । जिसका अर्थ यह है कि—भक्त के दोषों को नाश करती है । यह छव प्रकार की व्युत्पत्ति श्री शब्द के " श्रीगुणसुधासारलहरी " ग्रन्थ में भी लिखाहुआ है कि —

श्रितास्यन्यैः सर्वैः श्रयसि रमणं संश्रितगिरः,
शृणोषि प्रेयांसं श्रितजनवचः श्रावयसि च ।
शृणास्येतद्दोषाञ् जननि निखिलान्सर्वजगतीं,
गुणैः श्रीणासि त्वं तदिह भवतीं श्रीरिति विदुः ॥

श्रीगुणसुधासारल० ॥

हे अम्ब ! सब संसार आपका आश्रयण करता है । और आप अपने रमण नारायण का आश्रयण करती हो।और आश्रितों के विज्ञापन को सुनती हो तथा अपने प्रियतम भगवान् को आश्रितों की प्रार्थना सुनाती हो । और आश्रितों के दोषों को नाश करती हो । तथा समस्त संसार को अपने गुणों से वृद्धि करती हो । इसी से महर्षिलोग आपको श्री कहते हैं ।

इस प्रकार के श्रीशब्द में छब व्युत्पत्तिसिद्ध होने पर तो यह शङ्का होती है कि यहाँ पर श्रीशब्द का अर्थ क्या है। इसका समाधान यह है कि—

श्री वेष रचना शोभा भारती सरलद्रुमे।
लक्ष्म्यां त्रिवर्गसंपत्तिविधोपकरणेषु च ॥मेदिनीको.॥

वेष में १, रचना में २, शोभा में ३, भारती में ४, सरल में ५, द्रुम में ६, लक्ष्मी में ७, त्रिवर्ग में ८ संपत्ति में ९ प्रकारमें १० और उपकरण में ११, श्रीशब्द का प्रयोग होता है ॥ इस मेदिनी कोश के प्रमाण से इस मंत्र में श्रीशब्द का अर्थ लक्ष्मी है। "श्रीः" यहाँ पर ससजुषो रुः ॥८।२।६६॥ इस सूत्र से रु होकर ॥ खरवसानयोर्विसर्जनीयः ॥८।३।१५॥ इस सूत्र से विसर्ग हुआ है। मुझको "मा" यह पद ॥त्वामौ द्वितीयायाः ॥८।१।२३॥ इस सूत्र से निष्पन्न हुआ है (सेवन करें) अर्थात् स्तनंधय बच्चा जैसे मा के देहपर मल मूत्र करता है तौ भी मा उस बच्चा की सेवा अतिप्यार से करती है। वैसे ही महाभागो तथा अज्ञानी इस जन की भी सेवा अतिप्यार से तुम करो। "जुषताम्" यहाँ पर तुदादिपठित "जुषी प्रीतिसेवनयोः" इस धातु से ॥तुदादिभ्यः शः ॥३।१।७७॥ इस सूत्र से श प्रत्यय और ॥ आमेतः ॥३।४।९० इस सूत्र से आम् हुआ है। इस तीसरी ऋचा का भावार्थ यह हुआ कि—आगे अश्ववाली तथा मध्यभाग में रथवाली और हाथियों के शब्दों से जागनेवाली दिव्य गुणगणवाली श्रीदेवी को समीप में बुलाता हूँ वह दिव्यगुणवाली श्रीदेवी मुझको सेवन करें ॥३॥

॥ चतुर्थी–ऋक् ॥

कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारा-
मार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम् ।
पद्मे स्थितां पद्मवर्णां
तामिहोपह्वये श्रियम् ॥४॥

अन्वयार्थ – (काम्) सुखस्वरूपवाली (सोस्मिताम्) मन्द-हास्य सहित मुसुकुराती हुई (हिरण्यप्राकाराम्) चारो ओर सुवर्ण की प्रकोटा वाली (आर्द्राम्) दया से आर्द्र हृदयवाली अथवा क्षीरसमुद्र से उत्पन्न होने से आर्द्र शरीरवाली (ज्वलन्तीम्) अपना लावण्यमय तेज से सर्वदा देदीप्यमान स्वरूप वाली (तृप्ताम्) स्वयं आप तृप्त होती हुई (तर्पयन्तीम्) सब भक्तों के मनोरथ को पूर्ण करके तृप्त कराती हुई (पद्मे) कमल पर (स्थिताम्) विराजमान हुई (पद्मवर्णाम्) कमल के समान सुन्दर वर्णवाली (ताम्) उस विश्व विख्यात (श्रियम्) लक्ष्मी-देवी को (इह) यहाँ पर (उपह्वये) अपने समीप मैं बुलाता हूँ ॥ ४ ॥

विशेषार्थ - सुखस्वरूपवाली । अब यहाँ पर यह सन्देह होता है कि (काम्) पदका अर्थ सुखस्वरूपवाली कैसे होता है ? उत्तर यह है कि—

कं सुखं च प्रकीर्तितम् ॥ एकाक्षरी० ॥ श्लो० ७ ॥

कं सुख को कहते हैं ॥७॥

इस एकाक्षी कोश के प्रमाण से कं माने सुख होता है। और कं सुखमस्या अस्तीति काम् ॥ इस विग्रह में ॥ अर्श आदिभ्योऽच् ॥५।२।२७॥ इस सूत्र से मत्वर्थीय अच् प्रत्यय हुआ है। इस व्याकरण के प्रमाण से "काम्" पद का अर्थ सुखस्वरूप वाली होता है। मन्दहास्य सहित निश्चय करके मुसकुराती हुई। यहां पर यह शंका होती है कि "सोस्मिताम्" पदका पूर्वोक्त अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि "स आ उ स्मिताम्" इन चार. से "सोस्मिताम्" बना है जिसका विग्रह ऐसा होता है कि "आ ईषद् उ निश्चयेन स्मितं हासः, तेन सहिताम्" यहां पर ॥ सहस्य सः संज्ञायाम् ॥६।३।७८॥ उस सूत्र से सह के स्थान में "स" हुआ है। जिसका अर्थ सहित या साथ है। और—

आङीषदर्थेऽभिव्याप्तौ सीमार्थे धातुयोगजे ॥अमर० कां० ३॥ व० ३ श्लो० २३९॥

इस अमर कोश के प्रमाण से "आ" का अर्थ ईषत् या मन्द अथवा थोड़ा होता है। तथा—

तदुचन्द्रमाः ॥ श्वेताश्वत० अ० ४ मं० २॥

वही निश्चय करके चन्द्रमा है ॥२॥

इस श्वेताश्वतरोपनिषद् का मंत्र में निश्चयार्थक उ आया है। इस उपनिषद् के प्रमाण से "उ" का अर्थ निश्चय होता है। और—

समनाक् स्मितम् ॥अमर० कां० १ व० ७ श्लो० ३४॥

किंचित् साभिप्रायहासको स्मित कहते हैं ॥३४॥

इस अमर कोश के प्रमाण से "स्मित" का अर्थ हास होता है। अथवा "भ्वादिपठित" ष्मिङ् ईषद्धसने ॥इस धातुसे॥ धात्वादेः षः सः ॥६।१।७४॥ इस सूत्र से सकार और॥क्तक्तवतू निष्ठा ॥१।१।२६॥ इस सूत्रसे निष्ठासंज्ञा तथा॥निष्ठा॥३।२।१०२॥ इस सूत्र से क्त प्रत्यय होकर "स्मित" शब्द निष्पन्न होता है। जिसका मन्दहास अर्थ होता है। इन पूर्वोक्त प्रमाणों से "सोस्मिताम्" पद का अर्थ मन्दहास्य सहित निश्चय कर के मुसकुराती हुई होता है। चारो ओर सुवर्ण के वरणवाली। अब यहाँ पर यह शङ्का होती है कि "हिरण्यप्राकारम्" इस पद में स्थित "प्राकार" शब्द का अर्थ वरण कैसे होता है ? इसका समाधान यह है कि—

प्रकारो वरणः शालः ॥अमर.कां, २ व २ श्लो, ३॥

प्राकार १, वरण २, शाल ३, ये मकान के चारो तरफ जो प्रकोटा रहते हैं उनके नाम हैं ॥३॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "प्राकार" शब्द का अर्थ वरण होता है। दया से आर्द्र हृदय वाली अथवा समुद्र से उत्पन्न होने से आर्द्र शरीरवाली अथवा दिग्गजों द्वारा सुवर्णके कलश से अभिषेक होनेसे आर्द्र देहवाली अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि समुद्र से लक्ष्मीदेवी उत्पन्न हुई है इसमें क्या प्रमाण है ? इसका उत्तर यह हैं कि वेदार्थ को

निश्चय करनेवाले पुराण प्रमाण हैं कि समुद्र से लक्ष्मी देवी उत्पन्न हुई हैं। यह कथा श्रीमद्भागवत महापुराण के आठवाँ स्कंध के आठवाँ अध्याय में स्पष्ट लिखी हुई है। अपना लावण्य मयतेज से सर्वदा देदीप्यमान स्वरूपवाली। इस मंत्रमें 'आर्द्राम्' "ज्वलन्तीम्" यहाँ पर विरोधाभास अलङ्कार है। विरोध तो यह है कि जो आर्द्र होता है वह जल नहीं सकता है। इसका परिहार यह है श्रीदेवी दया से आर्द्र होने पर भी अपने तेज से देदीप्यमान हैं। "ज्वलन्तीम्" यहाँ पर ॥शप्श्यनो नित्यम्॥७।१।८१॥ इस सूत्र से नुम् हुआ है। स्वयं आप तृप्त होती हुई 'तृप्ताम्' यह पद दिवादिपठित "तृप प्रीणने" धातु से निष्पन्न होता है। सब भक्तोंके मनोरथको पूर्ण करके तृप्त कराती हुई। 'तर्पयंतीम्' यहाँ पर ॥हेतुमति च॥ इस सूत्र से णिच् प्रत्यय हुआ है। कमल पर। यहाँ पर यह शङ्का होती है कि 'पद्म' शब्द का अर्थ कमल कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि—

वा पुँसि पद्मं नलिनमरविन्दं महोत्पलम् ॥

अमर. कां. १० व. १० श्लो. ३६ ॥

सहस्रपत्रं कमलं शतपत्रं कुशेशयम्।
पङ्केरुहं तामरसं सारसं सरसीरुहम् ॥४०॥
बिसप्रसूनराजीव पुष्कराम्भोरुहाणि च ॥४१॥

पद्म १, नलिन २, अरविन्द ३, महोत्पल ४, ॥ ९. सहस्रपत्र ५, कमल ६, शतपत्र ७, कुशेशय ८, पङ्केरुह ९, तामरस १०, सारस ११,

सरसीरुह १२, ॥४०॥ बिसप्रसून १३, राजीव १४, पुष्कर १५, अम्भोरुह १६, ये कमल के नाम हैं ॥४१॥ इस अमरकोष के प्रमाण से "पद्म" का अर्थ कमल होता है। "पद्मे" यहाँ पर ॥आद्गुणः॥ ६।१।८७॥ इस सूत्र से गुण हुआ है। बैठी हुई। कमल के समान स्निग्धवर्णवाली उस विश्वविख्यात श्री देवी को "श्रियम्" यहाँ पर ॥ कर्तुरीप्सिततमं कर्म ॥ १। ४।४९॥ इस सूत्र से कर्म संज्ञा होकर ॥ कर्मणि द्वितीया ॥२।३।२॥ इस सूत्र से द्वितीया विभक्ति हुई है। यहाँ पर "इह', यह पद ॥इदमोहः॥५।३।११॥ इस सूत्र से सिद्ध होता है। समीप में बुलाता हूँ। "उपह्वये" यह क्रिया पद है। इससे 'अहम्' इस कर्तृपद का यहाँ पर आक्षेप होता है। जिस "अहम्" पद का मैं अर्थ होता है। इस चौथी ऋचा का भावार्थ यह हुआ कि सुखस्वरूपपवाली मन्द मुसकुराती हुई सुवर्ण के प्रकोटावाली दया से आर्द्र हृदयवाली अपने तेज से सदा देदीप्यमान स्वयं तृप्त और भक्तों के मनोरथपूर्ण करके तृप्त करनेवाली कमलपर विराजमान हुई कमल के समान स्निग्ध वर्णवाली उस विश्व-विख्यात लक्ष्मी देवीको मैं अपने समीप में बुलाता हूँ ॥४॥

पञ्चमी-ऋक्

चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं

श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम् ।

तां पद्मनेमिं शरणमहं प्रपद्ये

अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे ॥५॥

अन्वयार्थ :- (अहम्) मैं अकिंचन जन (चन्द्राम्) चन्द्रमा के समान आह्लाद करने वाली (प्रभासाम्) प्रकृष्टप्रभा-कान्तिवाली (लोके) इस लोक में (यशसा) आश्रित के संरक्षणरूप यश से (ज्वलन्तीम्) प्रकाशमान स्वरूप वाली (देवजुष्टाम्) परब्रह्म नारायण देव में प्रीति वाली अथवा ब्रह्मादिक देवताओंसे सेवित (उदाराम्) कांक्षा से अधिक देनेवाली परम उदार (पद्मनेमिम्) कमल के मध्य में रहनेवाली अथवा चक्राकार विकसित करार-विन्द वाली या पद्म ही नयन साधन वाली (ताम्) उन सब वेदों में प्रसिद्ध (श्रियम्) श्री देवी को (शरणम्) रक्षक (प्रपद्ये) प्राप्त करता हूँ। (मे) मेरी (अलक्ष्मीः) दरिद्रता (नश्यताम्) नष्ट हो जावे (त्वाम्) तुझको (वृणे) मैं वरण करता हूँ ॥ ५ ॥

विशेषार्थ :—मैं अकिंचन दासजन चन्द्रमा के समान आह्लाद करने वाली "चन्द्राम्" यहाँ पर भ्वादिपठित "चदि आह्लादे" इस धातु से ॥स्फायि तञ्चि वञ्चि शकिक्षिपिक्षुदि सृपि तृपिदृपि वन्द्युन्दिश्विति कृत्यजिनी ।पदि मदिमुदि खिदि च्छिदि भिदि मन्दि चन्दि दहि दसि दम्भिवसि वासि शीङ् हसि सिधि शुभिभ्यो रक् ॥उणादि पा. २ ॥ इस उणादि सूत्र से रक् प्रत्यय हुआ है। अब यहाँ पर यह सन्देह होता है कि "चन्द्र" शब्द का अर्थ चन्द्रमा कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

॥हिमांशुश्चद्रमाश्चन्द्र इन्दुः कुमुदबान्धवः ।

अमर. कां. १ व. १ श्लो. १३॥

विधुः सुधांशुः शुभ्रांशुरोषधीशो निशापतिः ।

अब्जो जैवातृकः सोमो ग्लौर्मृगाङ्कः कलानिधिः ॥१४॥

द्विजराजःशशधरो नक्षत्रेशः क्षपाकरः ॥१५॥

हिमांशु १, चन्द्रमा २, चन्द्र ३, इन्दु ४, कुमुदबान्धव ५, ॥१३॥ विधु ६, सुधांशु ७,शुभ्रांशु ८, ओषधीश ९,निशापति१०, अब्ज ११, जैवातृक १२, सोम १३, ग्लौ १४, मृगाङ्क १५, कलानिधि १६ ॥१४॥ द्विजराज १७, शशधर १८, नक्षत्रेश १९, क्षपाकर २०, ये चन्द्रमा के नाम हैं ॥१५॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "चन्द्र" शब्द का अर्थ चन्द्रमा होता है । प्रकृष्ट कान्तीवाली । "प्रभासाम्" यहाँ पर भ्वादिपठित "भासृ दीप्तौ" धातु से पचाद्यच् प्रत्यय हुआ है। इस लोक में "लोक" शब्द भ्वादिपठित"लोकृ दर्शने' धातु से बनता है । अब यहाँ पर यह शंका होती है कि लोकका अर्थ यहाँपर क्याहै ? इसका समाधान यह है कि—

तथा लोकानकल्पयन् ॥

ऋग्वेदअष्ट. ८ मंडल १० अध्या. ४ अनुवा ७ सूक्त ९ मं. १४

वैसे ही परमात्मा भुवनों को बनाये ॥१४॥

तथा लोकानकल्पयन् ॥ यजुर्वे० अ० ३१ मं० १३

इन श्रुतियों के प्रमाण से और ॥

लोकस्तु भुवने जने ॥अम.कां. ३ व. ३ श्लो. २॥

भुवन में और जन में लोक शब्द का प्रयोग होता है ॥२॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "लोक" शब्द का अर्थ यहाँ पर भुवन होता है। आश्रित के संरक्षणरूप यश करके प्रकाशमान स्वरूपवाली "ज्वलन्तीम्" यहाँ पर ॥उगितश्च ॥४।१।६॥ इस सूत्र से ङीप् प्रत्यय होता है। परब्रह्म नारायण देव में प्रीति वाली अथवा इन्द्र दिक देवताओं से सेवित। यहाँ पर यह संदेह होता है कि "देवजुष्टाम्" पद का पूर्वोक्त अर्थ कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि। देवे नारायणे जुष्टाम् प्रीतार" इस विग्रह में ॥सह सुपा ॥२।१।४॥ इस सूत्र से समास और ॥ सुपो धातु प्रातिपदिकया. ॥२।४ ७१॥ इस सूत्र से लुक् होता है। तब "देवजुष्टाम्" निष्पन्न होता हैं और ॥

शुद्धो देव एको नारायणो न द्वितीयोऽस्ति कश्चित्॥

नारायणोपनि० मं० २ ॥

शुद्ध देव एक नारायण हैं दूसरा कोई भी नहीं है ॥२॥ इस नारायणोपनिषद् के प्रमाण से परब्रह्म नारायण देव में प्रीतिवाली यह अर्थ होता है। अथवा "देवैरिन्द्रादिभि स्तत्तदभिलषितलाभाय जुष्टां सेविताम्" इस व्युत्पत्ति में इन्द्रादिक देवताओं से सेवित अर्थ होता है। क्योंकि तुदादि पठित "जुषी प्रीति सेवनयोः" इस धातु से "जुष्टाम्" पद बनता है। परम उदार सबसे बड़ी। अब यहाँ पर यह सन्देह होता है कि 'उदार'

शब्द का अर्थ महान् कैसे होता है। इसका उत्तर यह है कि—

उदारो दातृमहतोः ॥अमर० कां० ३ व० ३ श्लो० १९२॥

दाता में और महान् में उदार शब्द का प्रयोग होताहै॥१९२॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "उदार" शब्द का अर्थ महान् या सबसे बड़ा होता है चक्राकार विकसित पद्मपाणि वाली। अथवा पद्म ही नयन साधन वाली। यहाँ पर यह शंका होती है कि 'पद्मनेमिम्' पद का पूर्वोक्त अर्थ कैसे होते हैं ? इसका उत्तर यह है कि॥ 'पद्मं करारविन्दं नेमिः चक्रमिव यस्यास्ताम्' इस व्युत्पत्ति में॥

पवित्रं नेमिर्लोकद्वारं सुदर्शनम् ॥वैदिक निघण्टु०॥

पवित्र १, नेमि २, लोकद्वार ३, सुदर्शन ४ ये भगवान के चक्र के नाम हैं॥या अमरकोश में लिखा है कि—

चक्रं रथाङ्गं तस्यान्ते नेमिः स्त्री स्यात्प्रधिः पुमान् ॥

अमर० कां० २ व० ८ श्लो० ५६॥

चक्र और रथाङ्ग ये दो नाम चक्र के हैं और उस चक्र के अन्तभाग में भी दो शब्द का प्रयोग होता है। एक स्त्रीलिंग नेमि शब्द का और दूसरा पुलिंग प्रधि शब्द का ॥५६॥ अर्थात् चक्रान्त में "नेमि" शब्द का प्रयोग होता है। और पद्मपुराण में लिखा है कि—

पवित्रं चरणं नेमिः पविश्चक्रं सुदर्शनम् ॥

पद्मपु. उत्तरखं. ६ अध्याय. श्लोक. ६३॥

सहस्रारं प्राकृतघ्नं लोकद्वारं महौजसम् ।
नामानि विष्णुचक्रस्य पर्यायेण निबोध मे ॥६४॥

पवित्र १, चरण २, नेमि ३, पवि ४; चक्र ५ सुदर्शन ६, ॥६३॥ सहस्रार ७ प्राकृतघ्न ८, लोकद्वार ९, महोजस १०, ये श्री विष्णु भगवान के चक्र के नाम हैं इनको पर्यायसे तुम मुझसे जानलो ॥६४॥ और बृहद्ब्रह्मसंहिता में भी लिखा है कि—

त्वामाह प्रथमा वाणी मम पाणिविभूषण ।
पवित्रं नेमिं चरणं मुक्तिद्वारं महौजसम् ॥

बृहद्ब्रह्म सं० अध्या० २ पाद० १ श्लो० ६२॥

हे पाणिभूषण ! मेरी वेदवाणी तुमको पवित्र १, नेमि २, चरण ३, मुक्तिद्वार ४, महौजस ५, कहती है ॥६२॥ और वृद्ध-हारीतस्मृति में लिखा है —

सहस्रारो नेमिरुच्यते ॥

वृद्धहारी० अध्या० २ पाद० १ श्लो० ३८॥

भगवान् के चक्र को नेमि कहते हैं ॥३८॥ इन पूर्वोक्त प्रमाणों से चक्राकार विकसित पद्मराणिवाली यह अर्थ "पद्म'-नेमिम् शब्द का होता है । अथवा ॥ पद्ममेव नेमिर्नयनसाधनं यस्यास्ताम् ॥ इस व्युत्पत्ति में "नेमि" शब्द भ्वादिपठित "णीञ् प्रापणे" धातु से ॥ नियो मिः ॥ उणा० पाद० ४॥ इस उणादि सूत्र से मि प्रत्यय होकर निष्पन्न होता है । जिसका अर्थ नयन-साधन है । और मेदिनीकोश में लिखा है कि—

नेमिर्ना तिनिशे कूपत्रिकाचक्रान्तयोः स्त्रियाम् ॥

मोदिनी को० ॥

इन प्रमाणों से "पद्मनेमिम्" पद का अर्थ यह होता है कि— स्वकरस्थ कमल से आश्रितों के अनिष्ट को दूरकर इष्टवस्तु को अपने समीप में लाकर अपने चरणाविन्द में प्राप्त कराती हुई। अथवा कमल के मध्य में स्थित रहनेवाली। उस सब वेदों में प्रसिद्ध श्री देवी को रक्षक। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "शरणम्" पद का अर्थ रक्षक कैसे होता है? इसका उत्तर यह लिखा हैं कि—

मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये ॥श्वेताश्वत० अध्या० ६ मं० १८॥

मैं मुमुक्षु निश्चय करके रक्षक को प्राप्त करता हूँ ॥१८॥

मामेकं शरणं व्रज ॥भ० गी० अध्या० १८ श्लो०६६॥

एक मुझको रक्षक प्राप्त करो ॥६६॥ और भी लिखा है कि—

शरणं गृहरक्षित्रोः ॥अमर० कां० ३ व० ३ श्लो० ५२॥

शरण, गृह और रक्षक को कहते हैं ।५२॥ इन श्रुति स्मृति और कोश के प्रमाणों से "शरणम्" पदका अर्थ रक्षक होता है 'शरणम्' यहाँ पर। अतोऽम् ॥७।१।२४॥ इस सूत्र से अम् होता है। प्राप्त करता हूँ। "प्रपद्ये" यहाँ पर दिवादिपठित 'पद गतौ' धातु से ॥ दिवादिभ्यः श्यन् ॥२।१।६९॥ इस सूत्र से श्यन् होता है। जिससे हे लक्ष्मी मेरी दरिद्रता नष्ट हो जाय "नश्यताम्" यहाँ पर दिवादिपठित 'णश अदर्शने' इस धातु से

णो नः ॥६।१।६५॥ इस सूत्र से नकार और सार्वधातुके यक् ॥ ३।१।६७॥ इस सूत्र से यक् प्रत्यय होता है। ऐ मा मैं तुझको "त्वाम्" यहाँ पर ॥त्वमावेकवचने ॥७।२।९७॥ इस सूत्र से त्व और ॥ द्वितीयायां च ॥७।२।८७॥ इस सूत्र से आकार होता है। वरण करता हूँ। 'वृणे" यहाँ पर क्र्यादिपठित "वृञ् वरणे" इस धातु से ॥क्र्यादिभ्यः श्ना ॥३।१।८१॥ इस सूत्र से श्ना प्रत्यय और। श्नाभ्यस्तयोरातः ॥६।४।११२॥ इस सूत्र से आकार का लोप होता है। अब इस ऋचा में "देवजुष्टाम्" पद की व्याख्या पर यह प्रश्न होता है कि देवयोनि मनुष्ययोनि स पृथक् नहीं है। इस प्रश्न का उत्तर है कि जो लोग शास्त्र से अनभिज्ञ हैं वे चाहें सो कहें परन्तु शास्त्र के जानने वाले यह जानते हैं कि देवयोनि मनुष्ययोनि से अलग है। इस विषय में यह प्रमाण लिखा है कि—

अग्नि र्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता वसवो देवता रुद्रा देवतादित्या देवता मरुतो देवता विश्वेदेदेवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता वरुणो देवता ॥

यजुर्वे० अध्या० १४ मं० २० ॥

अग्नि देवता, वायु देवता, सूर्यदेवता, चन्द्रमा देवता, वसु देवता, रुद्र देवता, आदित्य देवता, मरुत देवता, विश्वेदेव देवता, बृहस्पति देवता, इन्द्रदेवता, वरुण देवता ॥२०॥ इस मंत्र में देवताओं के अग्नि आदिक अलग अलग नाम आयेहैं इससे देवयोनि मनुष्य

योनि से अलग है। और भी लिखा है कि –

त्रयो देवा एकादश त्रयस्त्रिंशाः सुराधसः बृहस्पति पुरोहितो देवस्य सवितुः सर्वे देवा देवैरवन्तुमा ॥

यजु० अ० २० मं० ११ ॥

तीन देवता अथवा ग्यारह देवता या तैंतीस देवता अनेक संपत्तिवाले और बृहस्पति पुरोहित वाले सब देवता सविता देवता की प्रेरणा से देवताओं करके हमारी रक्षा करें ॥११॥

त्रीणि शतानि त्रीणि सहस्राण्यग्निं त्रिंशच्च देवा नवचासपर्यन्। औक्षन् घृतैरास्तृणन्बर्हिरस्मा आदिद्धोतारं न्यसादयन्त ॥

यजु० अ० ३३ मं० ७ ॥

तीन हजारतीन सौ तीस देवता अग्नि की परिचर्या करते हैं उन्होंने घी से अग्नि को सींचा और इस अग्नि के लिये कुशा को आच्छादन करते हुए होता को होतृ कर्म में नियुक्त किया और निरुक्त में भी लिखा है कि—

तिस्र एव देवता इति नैरुक्ता अग्निः, पृथिवी स्थानो वायुर्वेन्द्रो वान्तरिक्षस्थानः। सूर्यो द्यु स्थानस्तासां महाभाग्यादेककस्या, अपि बहूनि नामधेयानि भवन्ति ॥

निरु० दैवतकां० अ० ७ खं० ५ ॥

ये तीन देवता हैं अग्नि देवता पृथिवी स्थान में तथा वायु

देवता और इन्द्र देवता अन्तरिक्ष स्थान में और सूर्य देवता द्यु स्थान में हैं इन देवताओं के महाभाग्य होने से एक एक के बहुत से नाम होते हैं ॥५॥ और मनुस्मृति में भी लिखा है कि—

कर्मात्मनां च देवानां सोऽसृजत्प्राणिनां प्रभुः ।
साध्यानां च गणं सूक्ष्मं यज्ञं चैव सनातनम् ॥

मनु० अध्या १ श्लो० २२ ॥

वह प्राणियों के प्रभु ने कर्मात्मा इन्द्रादिक देवगणको और साध्यगण को तथा सूक्ष्म सनातन यज्ञ को बनाया ॥२२॥ और अमरकोश में लिखा है कि—

अमरा निर्जरा देवास्त्रिदशाः विबुधाः सुराः ॥
सुपर्वाणः सुमनसस्त्रिदिवेशा दिवौकसः ॥

अमरको० कां० १ व० १ श्लो० २ ॥

आदितेया दिविषदो लेखा अदितिनन्दनाः ।
आदित्या ऋभवोऽस्वप्नाः अमर्त्या अमृतान्धसः ॥३॥
बर्हिर्मुखाः क्रतुभुजोगीर्वाणा दानवारयः ।
वृन्दारकाः दैवतानि पुंसि वा देवताः स्त्रियाम् ॥४॥

अमर १, निर्जर २, देव ३, त्रिदश ४, विबुध ५, सुर ६, सुपर्वन् ७, सुमनस् ८, त्रिदिवेश ९, दिवौकस् १०,॥२॥आदितेय ११, दिविषद् १२, लेख १३,अदितिनन्दन १४,आदित्य १५, ऋभु १६, अस्वप्न १७ अमर्त्य १८,अमृतान्धस् १९, ॥३॥बर्हिमुख२०,

क्रतुभुज २१, गीर्वाण २२, दानवारि २३, वृन्दारक २४, दैवत२५, देवता २६, ये देवताओं के नाम हैं ॥४॥ इन पूर्वोक्त प्रमाणों से स्पष्ट सिद्ध होता है कि देवयोनि मनुष्य योनि से अलग है। इस पाँचवीं ऋचा का भावार्थ यह हुआ कि–मैं अकिंचन जन चंद्रमा के समान आह्लाद करनेवाली,प्रकृष्ट कान्तिवाली,इसलोक में यश से प्रकाशमान स्वरूपवाली, इन्द्रादिक देवताओं से सेवित,कांक्षासे अधिक देनेवाली, परम उदार, कमल के मध्य में रहनेवाली उस विश्व विख्यात श्री देवी का मैं शरण प्राप्त करता हूँ जिससे हे लक्ष्मी ! मेरी दरिद्रता नष्टहो जाय ! हे लक्ष्मी ! मैं तुझको वरण करता हूँ। ५॥

षष्ठी–ऋक्

आदित्यवर्णे तपसोऽधिजातो
वनस्पतिस्तव वृक्षोथ बिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु
मायांतरायांश्च बाह्या अलक्ष्मीः ॥६॥

अन्वयार्थ - (आदित्यवर्णे) हे सूर्य के समान प्रकाशमान वर्णवाली (तव) तेरे (तपसः) तपसे (अथ) मङ्गलस्वरूप (वनस्पतिः) वनों के रक्षक स्वामी (वृक्षः) पुष्प और फलवाला तरु (बिल्वः) श्रीफल (अधिजातः) उत्पन्न हुआ (तस्य) उस बिल्व वृक्ष के (फलानि) फलें (तपसा) श्रीदेवी के तप के

प्रभाव से अथवा श्रीदेवी के दर्शन तथा नाम संकीर्तन और स्मरणरूप तप से (मायाम्) अन्धकारस्वरूप अज्ञान को अथवा प्रकृति को तथा (अन्तरायान्) श्रीदेवी के दर्शन तथा नाम संकीर्तन और स्मरणरूप तप से (मायाम्) अन्धकारस्वरूप अज्ञान को अथवा प्रकृति को तथा (अन्तरायान्) श्रीदेवी के भजन के विघ्नों को (च) और (बाह्याः) बाहरी (अलक्ष्मीः) दरिद्रता को तथा भीतरी दरिद्रता को (नुदन्तु) दूर करें ॥६॥

विशेषार्थ—हे सूर्य के समान प्रकाशमान रङ्गवाली। अब यहां पर यह संदेह होता है कि "आदित्यवर्णे" इस पद का पूर्वोक्त अर्थ कैसे होता ? इसका उत्तर यह है कि—

सूरसूर्यार्यमादित्यद्वादशात्मदिवाकराः ।
भास्कराहस्करब्रध्नप्रभाकरविभाकराः ॥

॥अम० का० १ व० २ श्लो० २८॥

भास्वद्विवस्वत्सप्ताश्वहरिदश्वोष्णरश्मयः ।
विकर्तनार्कमार्तण्डमिहिरारुणपूषणः ॥२९॥
द्युमणिस्तरणिर्मित्रश्चित्रभानुर्विरोचनः ।
विभावसुर्ग्रहपतिस्त्विषांपतिरहर्पतिः ॥३०॥
भानुर्हंसः सहस्रांशुस्तपनः सविता रविः ।
पद्माक्षस्तेजसां राशिश्छायानाथस्तमिस्रहा ॥३१॥
कर्मसाक्षी जगच्चक्षुर्लोकबन्धुरयीतनुः ।

प्रद्योतनो दिनमणिः खद्योतो लोकबान्धवः ॥३२॥
इनोभगोधामनिधिश्चांशुमाल्यब्जिनीपतिः ॥३३॥

सूर १, सूर्य २, अर्यमा ३, आदित्य ४, द्वादशात्मा ५, दिवाकर ६, भास्कर ७, अहस्कर ८, ब्रध्न ९, प्रभाकर १०, विभाकर ११, ८ भास्वत १२, विवस्वत १३, सप्ताश्व १४, हरिदश्व १५, उष्णरश्मि १६, विकर्तन १७, अर्क १८, मार्तण्ड १९, मिहिर २०, अरुण २१, पूषण २२, ॥२९॥ द्युमणि २३, तरणि २४, मित्र २५, चित्रभानु २६, विरोचन २७, विभावसु २८, ग्रहपति २९, इषांपति ३०, अहर्पति ३१, ॥३०॥ भानु ३२, हंस ३३, सहस्रांशु ३४, तपन ३५, सविता ३६, रवि ३७, पद्मिनी ३८, तेजोराशि ३९, छायानाथ ४०, तमस्रहा ४१, ॥३१॥ कर्मसाक्षी ४२, जगच्चक्षुः ४३, लोकबंधु ४४, त्रयीतनु ४५, प्रद्योतन ४६, दिनमणि ४७, खद्योत ४८, लोकबान्धव ४९, ॥३२॥ इन ५०, भग ५१, धामनिधि ५२, अंशुमालि ५३, अब्जिनीपति ५४, ये सूर्य के नाम हैं ॥३३॥ इन अमरकोश के प्रमाण से आदित्य का अर्थ सूर्य होता है। और--

वर्णो द्विजादौ शुक्लादौ स्तुतौ वर्णं तु वाक्षरे ॥

अमर० कां० ३ व० ३ श्लो० ४७ ॥

विप्रादिक में १, शुक्लादिक रंग में २, स्तुति में ३, अक्षर में ४, वर्ण शब्दका प्रयोग होता है॥४७॥ इस अमरकोशके प्रमाण से वर्ण शब्द का अर्थ शुक्लादिक रंग होता है और 'आदित्यस्य वर्ण इव वर्णोयस्यास्तत्सम्बुद्धौ' इस व्युत्पत्ति से पूर्वोक्त अर्थ लाभ

होता है। "आदित्य" शब्द में ॥ दित्यदित्यादित्यपत्युत्तरपदाण्ण्यः ॥४।१।८५ इस सूत्र से ण्य प्रत्यय होता है ॥आदित्यवर्ण। यहां पर ॥ सम्बुद्धौ च॥७।३।१०६। इस सूत्र से एकार होता है। तेरे "तव" यह पद ॥ तवममौ ङसि ॥७।२।९६॥ इस सूत्र से तव होकर ॥ युष्मदस्मदभ्यां ङसोऽश् ।७।१।२७॥ इस सूत्र से निष्पन्न होता है। कृच्छ्रचान्द्रायणादिक तप से अथवा ज्ञानमय तप से। यहां पर यह शंका होती है कि "तप" का अर्थ कृच्छ्रादिक कैसे होता है? इसका उत्तर जाबालदर्शनोपनिषद् में लिखा है कि—

वेदोक्तेन प्रकारेण कृच्छ्रचान्द्रायणादिभिः।
शरीरशोषणं यत्तत्तप इत्युच्यते बुधैः ॥

जाबालदर्शनोप० खं० २ श्रु० ३

को वा मोक्षः कथं तेन संसारं प्रतिपन्नवान्।
इत्यालोकनमर्थज्ञास्तपः शंसन्ति पण्डिताः ॥४॥

वेद में कहे हुए प्रकार से कृच्छ्रचान्द्रायणादिक के द्वारा जो शरीर को सुखाना है बुधजन उसको तप कहते हैं ॥३॥ अथवा मोक्ष क्या वस्तु है और यह संसार कैसे प्राप्त हुआ है इस बात को बारम्बार विचार करना यही तप है ऐसा अर्थज्ञ पण्डित कहते हैं ॥४॥

तपः कृच्छ्रादिकर्म च ॥ अमर. कां. ३ व. ३ श्लो. २३२॥

कृच्छ्रचान्द्रायणादिक कर्म को तप कहते हैं ॥२३२॥ इन

प्रमाणों से तप का अर्थ कृच्छ्र चान्द्रायणादिक होता हैं। अथवा—

यस्य ज्ञानमयं तपः ॥मुण्डकोप० मुण्डक० १ खं० १ श्रु० ९॥

जिसका तप ज्ञानमय है ॥९॥ मङ्गलस्वरूप। यहाँ पर यह संदेह होता है कि "अथ" शब्द का अर्थ मङ्गलस्वरूप कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

ॐकारश्चाथ शब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा।
कण्ठं भित्वा विनिर्यातौ तस्मान्माङ्गलिका वुभौ ॥नारदपुरा०॥

ॐकार और अथ शब्द ये दोनों सृष्टि के आदि में ब्रह्म के कण्ठ को भेदन करके निकले हैं इससे ये दोनों शब्द माङ्गलिक हैं।

मङ्गलानन्तरारम्भप्रश्नकार्त्स्न्येष्वथो अथ ॥

अमर० कां० ३ व० ३ श्लो० २४७॥

मङ्गल १, अनन्तर २, आरम्भ ३, प्रश्न ४, कार्त्स्न्य ५, इन अर्थों में अथो और अथ शब्द का प्रयोग होता है ॥२४७॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "अथ" शब्द का अर्थ मङ्गलस्वरूप होता है। "अथ" यहाँ पर। स्वरादिनिपातमव्ययम् ॥१।१।३७॥ इस सूत्र से अव्यय संज्ञा और। अव्ययादाप्सुपः ॥२।४।८२॥ इस सूत्र से लुक् होता है। अरण्योंके रक्षक स्वामी। अब यहाँ पर यह शंका होती है कि "वनस्पति" शब्द का अर्थ अरण्यों का रक्षक कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

अटव्यरण्यं विपिनं गहनं काननं वनम् ॥अमर०कां० २॥

व० ४ श्लो० १ ॥

अटवी १, अरण्य २, विपिन ३, गहन ४, कानन ५, वन ६, ये जङ्गल के नाम हैं ॥१॥ इस अमरकोश के प्रमाण से 'वन' शब्द का अर्थ अरण्य होता है और अदादि पठित "पा रक्षणे" धातु से ॥ पातेर्डतिः ॥ उणादि पा० ४ ॥ इस उणादि के सूत्र से डति प्रत्यय होकर "पति" शब्द बनता है जिसका अर्थ—

पतिर्धवे ना त्रिष्वीशे ॥मेदनी को०॥

इस मेदनी कोश के प्रमाण से रक्षक—या स्वामी होता है। इन पूर्वोक्त प्रमाणों से 'वनस्पति' शब्द का अर्थ अरण्यों का रक्षक स्वामी होता है। 'वनस्पतिः' यह पद। पारस्कर प्रभृतीनि च संज्ञायाम् ॥६।१।१५७॥ इस सूत्र से निष्पन्न होता है ॥ पुष्प और फल वाला तरु। अब यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि 'वृक्ष' शब्द का अर्थ पुष्प और फलवाला तरु कैसे होता है ? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

वृक्षो महीरुहः शाखी विटपी पादपस्तरुः।

अनोकहः कुटः सालः पलाशी द्रु द्रुमागमाः॥

अमर० कां० २ व० ४ श्लो० ५

वृक्ष १, महीरुह २, शाखी ३, विटपी ४, पादप ५, तरु ६, अनोकह ७, कुट ८, साल ९, पालाशी १०, द्रु ११, द्रुम १२,

अगम १३, ये वृक्ष के नाम हैं ॥५॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "वृक्ष" शब्द का अर्थ तरु होता है। और—

पुष्पिणः फलिनश्चैव वृक्षास्तूभयतः स्मृताः ॥

मनुस्मृ० अ० १ श्लो० ४७॥

पुष्प और फल दोनों जिसमें होवें उसको वृक्ष कहते हैं ।४७। इन प्रमाणों से "वृक्ष" शब्द का अर्थ पुष्प और फल वाला तरु होता है। "वृक्षः" यहाँ पर प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचन मात्रे प्रथमा ॥२।३।४६॥ इस सूत्र से प्रथमा हुई है। श्री फल। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "बिल्व" शब्द का अर्थ श्री फल कैसे होता है। इसका उत्तर यह है कि—

बिल्वे शाण्डिल्यशैलूषौ मालूर श्रीफलावपि ॥

अमर० कां० २ व० ४ श्लो० ३२ ॥

बिल्व १, शाण्डिल्य २, शैलूष ३, मालूर ४, श्रीफल ५, ये बेल के नाम हैं ॥३२॥ इस अमरकोश के प्रमाण से 'बिल्व' शब्द का अर्थ श्रीफल होता है। उत्पन्न हुआ। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि 'बिल्व' को वनस्पति जाति का क्यों नहीं अर्थ होता है? इसका उत्तर यह है कि—

अपुष्पाः फलवन्तो ये ते वनस्पतयः स्मृताः ॥

मनु० अ० १ श्लो० ४७ ॥

जो बिना पुष्प के फल वाले हों उनको वनस्पति कहते हैं ॥४७॥ और भी लिखा है कि—

तैरपुष्पाद्वनस्पतिः ॥ अमर० कां० २ व० ४ श्लो० ६ ॥

जिस पेड़ में पुष्प न हों और फल होवें उसे वनस्पति कहते हैं ॥६॥ और—

प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि ॥योगद०-अ०१पा०१सू०७॥

प्रत्यक्ष १, अनुमान २, आगम ३, ये तीन प्रमाण हैं ॥७॥ इससे प्रत्यक्ष देखा जाता है कि श्रीफल में पुष्प और फल ये दोनों होते हैं। इस कारण से "बिल्व" को वनस्पति जाति का नहीं माना जाता है। वामन पुराण में लिखा है कि—

बिल्वो लक्ष्म्याः करेऽभवत् ॥वामनपु०॥

श्रीफल लक्ष्मी जी के हाथ में उत्पन्न हुआ ॥ उस श्रीफल वृक्ष का फल उस महालक्ष्मी देवी के तप के प्रभाव से अंधकार स्वरूप अज्ञान को अथवा प्रकृति को। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "मया" शब्द का अर्थ प्रकृति कैसे होता है ? इसका उत्तर श्वेताश्वतरोपनिषद् में लिखा है कि—

मायां तु प्रकृतिं विद्यात् ॥श्वेताश्वतरो० अ० ४ श्रु० १०॥

माया प्रकृति को जाने ॥१०॥ इस उपनिषद् के प्रमाण से "मया" शब्द का अर्थ प्रकृति होता है। तथा श्री देवी के भजन में विघ्नभूत जो देहिक,दैविक, भौतिक ताप हैं। इन अंतरायों को "मायां तरायान्" यह पद ॥ पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम् ॥६।३।१०९॥ इस सूत्रसे निष्पन्न होता है। और यहाँ पर "च" का समुच्चय अर्थ होता है। अब यहां पर यह शंका होती है कि

"च" का समुच्चय अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि-
अन्वाचय समाहारेतरेतरसमुच्चये ॥

अमर कां० ३ व० ३ श्लो० २४१॥

अन्वाचय में १, समाहार में २, इतरेतर योग में ३, समुच्चय में ४, च शब्द का प्रयोग होता है ॥२४१॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "च" का समुच्चय अर्थ होता है। "च" यहां पर ॥ चादयोऽसत्त्वे ॥१।४।५७॥ इस सूत्र से निपात संज्ञा होती है। बाहरी "बाह्या." यहाँ पर "बहिषष्ठिलोपो मञ्च" वार्तिक ॥ इस वार्तिक से यञ् प्रत्यय हुआ है। तथा भीतरी दरिद्रता को। "अलक्ष्मीः" यहाँ पर ॥ नलोपो नञः ॥६।३।७३॥ इस सूत्र से न का लोप होता है दूर करें "नुदन्तु" यह पद तुदादिपठित 'णुद प्रेरणे' इस धातु से ॥तुदादिभ्यः शः ॥३।१।७७॥ इस सूत्र से श तथा ॥ णो नः ॥६।१।६५॥ इस सूत्र से न और ॥एकः॥३।४।८६॥ इस सूत्र से उ होकर निष्पन्न होता है। इस छठवीं ऋचा का भावार्थ यह हुआ कि-हे सूर्य के समान प्रकाशमान वर्णवाली ! तेरे ज्ञानमय तपसे मङ्गलस्वरूप वनों के रक्षक स्वामी पुष्प और फलवाला पेड़ एक श्रीफल उत्पन्न हुआ इसलिये हम उसके फलों से प्रार्थना करते हैं कि उस वेल वृक्ष का फल उस श्रीदेवीके ज्ञानमय तप के प्रभाव से अन्धकारस्वरूप अज्ञान को तथा श्रीदेवी के भजन के विघ्नों को और बाहरी तथा भीतरी दरिद्रता को दूर करें ॥६॥

॥ सप्तमी–ऋक् ॥

उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह ।
प्रादुर्भूतोस्मि राष्ट्रेस्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातुमे ॥७॥

अन्वयार्थ– (देवसखः) देवताओं का सखा अग्नि अथवा महादेव का सखा कुबेर (च) और (मणिना) चिन्तामणि के अथवा कुबेर का कोषाध्यक्ष मणिभद्रगण के (सह)साथ (कीर्ति) विद्या ऐश्वर्य आदिक से की हुई प्रथा अथवा कुबेर की कोषशाला में निवास करनेशाली दक्षकन्या कीर्त्ति की अभिमानी देवता (माम्) मुझ श्रीजन को (उपैतु) प्राप्त करें मैं(अस्मिन्) इस (राष्ट्रे) देश में (प्रादुर्भूतः) उत्पन्न (अस्मि) हूँ । वह श्रीदेवी (मे) मेरे लिये (कीर्तिम्) यश को और (ऋद्धिम्) धनादि समृद्धि को(ददातु) दें ॥७॥

विशेषार्थ-देवताओं के सखा अग्नि । अब यहाँ प्रश्नहोता है कि अग्नि देवताओं का सखा कैसे है ? इसका उत्तर यह है कि ॥अग्निर्देवानां होता ॥ शतपथ ॥ अग्नि देवताओं का होता है । इस शतपथ ब्राह्मण के प्रमाण से और देवताओं के लिये जो भाग दिया जाता है उसे उन्हें अग्नि पहुंचाता है इसलिये अग्नि देवताओं का सखा है । अथवा महादेव के सखा कुबेर । यहाँ पर यह संदेह होता है कि "देवसखः" यहाँ पर देव शब्द का अर्थ महादेव और उनका सखा कुबेर यह अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—॥विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदयोर्वा

लोपोवाच्यः ॥वार्तिक०॥ इस वार्तिक से "महादेव" शब्द के महा का लोप हो गया है । इससे महादेव का सखा यह अर्थ होता है —

कुबेरस्त्र्यम्बकसखा यक्षराड् गुह्यकेश्वरः ॥

अमर० कां० १ व० १ श्लो०७१॥

मनुष्यधर्मा धनदो राजराजो धनाधिपः ।
किन्नरेशो वैश्रवणः पौलस्त्यो नरवाहनः ॥७२॥
यक्षैकपिङ्गैलविलश्रीदपुण्यजनेश्वराः ॥७३॥

कुबेर १, त्र्यम्बकसख २, यक्षराट् ३, गुह्यकेश्वर ४, ॥७१॥ मनुष्यधर्मा ५, धनद ६, राजराज ७, धनाधिप ८, किन्नरेश ९, वैश्रवण १०, पौलस्त्य ११, नरवाहन १२,॥७२॥ यक्ष १३,एकपिङ्ग १४, एलविल १५, श्रीद १६, पुण्यजनेश्वर १७; ये कुबेर के नाम हैं ॥७३॥ इस अमर कोश के प्रमाण से महादेव के सखा कुबेर यह अर्थ होता है । "देवसखः" यहाँ पर ॥राजाहः सखिभ्यष्टच् ॥५।४।९१॥ इस सूत्र से टच् प्रत्यय होता है । और "च"का अर्थ और है । चिन्तामणि रत्न के अब यहाँ पर यह सदेह होता है कि "मणि," शब्द का अर्थ चिन्तामणि कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि ॥विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदयो र्वा लोपो वाच्यः ॥इस वार्तिक से "चिन्ता" का लोप हो गया है । इससे मणि शब्द का अर्थ चिन्तामणि होता है । अथवा कुबेर के कोषाध्यक्ष मणिभद्र के । अब यहाँ पर यह शंका होती है कि "मणि" शब्द

का अर्थ मणिभद्र कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि।।.विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदयोर्वा लोपो वाच्यः ।। इस वार्तिक से "भद्र" शब्द का लोप हो गया है । इससे "मणि" शब्द का अर्थ मणि-भद्र होता है ।

"मणिना" यहाँ पर ।।सहयुक्तेऽप्रधाने ।।२।३।१९।। इस सूत्र से तृतीया विभक्ति और ।। आङो नाऽस्त्रियाम् ।।१।३।१२७।। इस सूत्र से ना होता है । साथ "सह" शब्द का अर्थ साथ होता है । विद्या, ऐश्वर्य आदिक से प्राप्त यश । अब यहाँ पर यह सन्देह होता है कि "कीर्ति" शब्द का अर्थ यश कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि —

यशः कीर्तिः समज्ञा च । अमर० कां० १ व० ६ श्लो० ११।।

यश १, कीर्ति २, समज्ञा ३, ये यश के नाम हैं ।।११।। इस अमरकोश के प्रमाण से कीर्ति शब्द का अर्थ यश होता है । अथवा कुबेरकी कोशशाला में निवास करनेवाली दक्षकन्या-कीर्ति की अभिमानी देवता । "कीर्तिः" यह पद चुरादिपठित "कृत संशब्दने" इस धातु से ।। हृपिषि०हिवृतिविदिच्छिदि कीर्तिभ्यश्च उणादि० पा० ४ ।। इस उणादि सूत्र से इन् और ।।उपधायाश्च ७।१।१०६।। इस सूत्र से इन् होकर निष्पन्न होता है । जिसका अर्थ विश्वकोश में लिखा है कि—

कीर्तिः प्रसादयशसोर्विकारे कर्दमेऽपि च।। विश्वको०।।

प्रसाद में १, यश में २, विकार में ३, कर्दम में ४, कीर्ति शब्दका प्रयोग होता है ।कुबेरका कोषाध्यक्ष मणिभद्रगण है। और

दक्ष की कन्या कीर्ति कुबेर की कोशशाला में निवास करती है। यह स्कन्दपुराण में स्पष्ट लिखा है। मुझ श्रीजन को "माम्" यहाँ पर ॥त्वमावेकवचने ॥७।२।९७॥ इस सूत्र से म और ॥ द्वितीयायां च ॥७।२।८७॥इस सूत्र से आ होता है। प्राप्त करें। "उपैतु" यहाँ पर ॥ एत्येधत्यूठसु॥ ६।१।८९। इस सूत्रसे वृद्धि हुई है। मैं। इस कर्तृपद का आक्षेप हुआ है। इस "अस्मिन्" यहाँ पर ॥ङसिङ्योः स्मात्स्मिनौ ॥७।१।१५॥ इस सूत्र से स्मिन् होता है। देश में "राष्ट्रे" यहाँ पर ॥ त्रिप्रभृतिषु शाकटायनस्य ॥ ८।४।५०॥ इस सूत्र से विकल्प से द्वित्व होता है। उत्पन्न हुआ प्रादुर्भूतः" यहाँ पर ॥ खरवसानयोर्विसर्जनीयः ॥८।३।१५॥ इस सूत्र से विसर्जनीय होता है। हूँ। अदादिपठित "अस् भुवि" इस धातु से ॥अदिप्रभृतिभ्यः शपः ॥२।४।७२॥ इस सूत्र से लुक् होकर "अस्मि" पद निष्पन्न होता है। वह श्रीदेवी मेरे लिये "मे" यहाँ पर ॥ कर्मणा यमभिप्रैति स संप्रदानम् ॥१।४। ३२॥ इस सूत्र से संप्रदान संज्ञा होकर ॥ चतुर्थी संप्रदाने ॥२।३। १३॥ इस सूत्र से चतुर्थी हुई है। विद्या, ऐश्वर्य आदिक से किया हुआ यश को तथा सब वस्तुओं की समृद्धि को। 'ऋद्धिम्' यह पद दिवादिपठित "ऋधु वृद्धौ" धातु से ॥ स्त्रियांक्तिन् ॥ ३।३।९४॥ इस सूत्र से क्तिन् प्रत्यय होकर ॥ झरस्तथोर्धो धः ॥ ८।२।४०॥ इस सूत्र से निष्पन्न होता है। "कीर्तिम्" यह पद ॥ऊति यूति जूतिसातिहेतिकीर्तयश्च ॥३।३।९७॥ इस सूत्र से निष्पन्न होता है। दें। "तदादु" यहाँ पर। जुहोत्यादिपठित

"डुदाञ् दाने" इस धातु से ।।जुहोत्यादिभ्यः श्लुः ।।२।४।७५।। इस सूत्र करके श्लु और ।।श्लौ।। ६।१।१०। इस सूत्र से द्वित्व होता है। इस सातवी ऋचा का भावार्थ यह हुआ कि-हे लक्ष्मी! देवताओं का सखा अग्नि अथवा महादेव का सखा कुबेर और चिन्तामणि रत्न के साथ अथवा कुबेर के मित्र मणिभद्रगण के साथ विद्या, ऐश्वर्य आदिक से की हुई प्रथा अथवा कुबेर की केशशाला में सर्वदा निवास करनेवाली कीर्ति की अभिमानी देवता दक्षप्रजापति की कन्या मुझे दासजन को प्राप्त करे। मैं इस देश में पैदा हुआ हूँ इससे वह श्रीदेवी मेरे लिये विद्या, ऐश्वर्य आदिक से प्राप्त यश को और सब वस्तुओं की समृद्धि को दें।७।

।। अष्टमी-ऋक् ।।

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम् ।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात् ।।८।।

अन्वयार्थ—(अहम्) मैं अकिंचन जन (क्षुत्पिपासामलाम्) भूख और प्यास जिसमें मल हैं तथा स्वयं मलिन स्वरूपवाली (ज्येष्ठाम्) लक्ष्मी देवी की जेठी बहिन (अलक्ष्मीम्) लक्ष्मी देवी से भिन्न दरिद्रा को (नाशयामि) नाश करता हूँ (मे) मेरे (गृहात्) घर से (सर्वाम्) सब (अभूतिम्) गृह, क्षेत्र, आराम, दासी, दास आदिक के अभावरूप असंपत्ति को (च)और (असमृद्धिम्) धान्य मणि, सुवर्ण, रूप्यादिक के अभावरूप असमृद्धि को (निर्णुद) निवारण करो ।।८।।

विशेषार्थ—मैं अकिंचन श्री संप्रदाय का दासजन । बुभुक्षा और तृषा रूप मलवाली अथवा स्वयं मलिन स्वरूप वाली।अब यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि "क्षुत्" शब्द का अर्थ बुभुक्षाऔर "पिपासा"शब्द का अर्थ तृषा कैसे होता है ? इसका उत्तर यह हैं कि दिवादिपठित 'क्षुधाबुभुक्षायाम्' इस धातु से । क्विप् च॥३।२। ७६॥ इस सूत्र से क्विप् प्रत्यय होकर निष्पन्न 'क्षुत्' होता है इससे और—

अशनाया बुभुक्षा क्षुत् ॥अमर० कां० २ व०९ श्लो० ५३॥

अशनाया १, बुभुक्षा २, क्षुत् ३ ये भूख के नाम हैं ॥५३॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "क्षुत्" का अर्थ बुभुक्षा होती है । और "पिपासा" शब्द भ्वादिपठित "पा पाने" धातु से बनता है जिसका अर्थ है पानेच्छा । इससे तथा—

उदन्या तु पिपासा तृट् तर्षः ॥

अमर० का० २ व० ९ श्लो० ५५॥

उदन्या १, पिपासा २, तृट् ३, तर्ष ४ ये प्यास के नाम हैं ॥५५॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "पिपासा" शब्द का अर्थ तृषा होता है । "मल" शब्द 'अदादिपठित "मृजू शुद्धौ" इस धातु से ॥मृजेष्टिलोपश्च॥ उणादि० पा० १॥ इस उणादि सूत्रसे निष्पन्न होता है । जिसका अर्थ मेदिनीकोश में लिखा है कि-

मलोऽस्त्री पापविट् किट्टे कृपणे त्वभिधेयवत् ॥मेदिनी०॥

पाप में १, विट् में २, किट्ट में ३, कृपण में ४, मल शब्द का प्रयोग होता है । इस मेदिनी कोश के प्रमाण से मल शब्द का

अर्थ यहाँ पर किट्ट है। लक्ष्मी देवी की जेठी बहिन 'ज्येष्ठाम्' यहाँ पर अतिशायने तमबिष्ठनौ ॥५।३।५५॥ इस सूत्र से इष्ठन् प्रत्यय होकर ॥बहोर्लोपो भू च बहोः ॥६।४।१५८॥ इस सूत्र से ज्या होता है। दरिद्रा को "अलक्ष्मीम्" यहाँ पर ॥नञ् ॥२।२।६॥ इस सूत्र से नञ् तत्पुरुष समास होता है। जिसका अर्थ निषेध है। अब यहाँ पर यह शंका होता है कि नञ् का अर्थ निषेधकैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि—

नञौ द्वौ च समाख्यातौ पर्युदासप्रसह्यकौ।
पर्युदासस्सदृशग्राही प्रसह्यस्तु निषेधकृत्॥कारिका०॥

पर्युदास और प्रसह्य ये दो नञ् कहे गये हैं। पर्युदासनञ् सदृशग्राही है और प्रसह्य नञ् निषेध करने वाला हैं। इस व्याकरण की कारिका के प्रमाणसे नञ् का अर्थ निषेध होता है। नाश करता हूँ। "नाशयामि" यह पद दिवादिपठित "णश अदर्शने" इस धातु से णिच् प्रत्यय होकर ॥ अत उपधायाः ॥७।२।११६॥ इस सूत्र से निष्पन्न होता है। हे श्री देवी! मेरे भवन से। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "गृह" शब्द का अर्थ भवन कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि –

गृहं गेहो दवसितं वेश्म सद्म निकेतनम्।
निशान्तवस्त्यं सदनं भवनागारमन्दिरम्॥

अमर० कां० २ व० २ श्लो० ४।

गृहाः पुंसि च भूम्न्येव निकाय्यनिलयालयाः ॥५॥

गृह १, गेह २, उदवसित ३, वेश्म ४, सद्म ५, निकेतन ६, निशान्तवस्त्य ७, सदन ८, भवन, ९, आगार १०, मन्दिर ११, ॥४॥ निकाय्य १२, निलय १३, आलय १४, ॥५॥ ये घर के नाम हैं। इस अमरकोश के प्रमाण से "गृह" शब्द का अर्थ भवन होता है "गृहात्" यहाँ पर ॥ टाङसिङसामिनात्स्याः ॥७। ।१२॥ इस सूत्र से अत् होता है। सत्र, गृह, क्षेत्र, आराम, दासी, दास आदिक ऐश्वर्य के अभाव को। अब यहाँ पर यह शंका होती है "भूति" शब्द का अर्थ ऐश्वर्य कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

विभूतिर्भूतिरैश्वर्यम् ॥अमर० कां० १ व० १ श्लो० ३६॥

विभूति १, भूति २, ऐश्वर्य ३, ये एश्वर्य के नाम हैं। इस अमरकोशके प्रमाणसे 'भूति शब्दका अर्थ ऐश्वर्य होता है। इसके अभाव को आभूति कहते हैं। और च का अर्थ और है। धान्य मणि, सुवर्ण, रूप्यादिक की समृद्धि के अभाव को। तूँ निवारण कर। अब यह प्रश्न होता है कि 'निर्णुद' पद में जो 'निर्' उपसर्ग है उसका निषेध अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

निर्निश्चयनिषेधयोः॥ अमर० कां० ३ व० ३ श्लो० २५३॥

निश्चय में और निषेध में निर् अव्यय का प्रयोग होता है ॥इस अमरकोश के प्रमाण से "निर" का अर्थ यहाँ पर निषेध होता है। 'निर्णुद यहाँ पर तुदादिगठित 'णुद प्रेरणे' इस धातु से ॥तुदादिभ्यः शः ॥३।१।७७॥ इस सूत्र से श और ॥ अतो

हेः ॥६।४।१०५॥ इस सूत्र से हि का लुक् होता है। इस आठवीं ऋचा का भावार्थ यह है कि—मैं अकिंचनजन, भूख और प्यास रूप मलवाली और स्वयंभी मलिनस्वरूप वाली लक्ष्मी देवी की जेठी बहिन दरिद्रा को, श्री देवी के बलसे नाश करता हूँ। हे श्री देवि ! तूँ मेरे घर से सब असंपत्ति को और समृद्ध के अभाव को निवारण करो ॥८॥

नवमी—ऋक्

गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम् ।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम् ॥९॥

अन्वयार्थ—(गन्धद्वाराम्) सुगन्ध के द्वार से प्राप्त होनेवाली (दुराधर्षाम्) किसी से कभी भी नहीं धर्षण होने वाली (नित्य-पुष्टाम्) धन धान्य आदि पदार्थों से सदा पुष्ट रहनेवाली (करीषिणीम्) शुष्कगोमय को प्राप्त करनेवाली अथवा सब वस्तु को समृद्धि करने वाली (सर्वभूतानाम्) ब्रह्मादिक स्तम्बपर्यन्त समस्त प्राणियों के (ईश्वरीम्) परमैश्वर्ययुक्त स्वामिनी (ताम्) उस विख्यात (श्रियम्) श्रीदेवी को (इह) यहाँ पर (उपह्वये) अपने समीप में बुलाता हूँ ॥९॥

विशेषार्थ – गन्ध, चन्दन, पुष्प, धूप आदिक आमोद प्राप्ति के द्वार है जिसका उस सुगन्ध के द्वार से प्राप्त होनेवाली। अब यहाँपर यह संदेह होता है कि "गन्धद्वाराम्" इस पद का पूर्वोक्त अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि ॥गन्धश्चन्दनपुष्पा-

द्यामोदः द्वारं प्राप्तिसाधनं प्रतीहारो यस्यास्ताम्" इस व्युत्पत्ति से और—

स्त्री द्वाद्वारं प्रतीहारः ॥अमर० कां० २ व० २ श्लो १६॥

द्वा १, द्वार २, प्रतीहार ३, ये द्वार के नाम हैं ॥१६॥इस अमरकोश के प्रमाण से "गन्धद्वाराम्" इस पद का अर्थ सुगंध के द्वार से प्राप्त होनेवाली होता है । किसी से कभी नहीं धर्षण होने वाली । यह प्रत्यक्ष है कि जिसके पास धन है उसको कोई नहीं दबा सकता । तो साक्षात् लक्ष्मी देवी को कौन धर्षण कर सकता है । स्वादिपठित "ञिधृषा प्रागल्भ्ये" इस धातु से "दुराधर्षाम्" पद निष्पन्न होता है । धन धान्य आदि पदार्थों से सदा पुष्ट रहने वाली । दिवादिपठित "पुष पुष्टौ" इस धातु से 'पुष्ट' शब्द सिद्ध होता है । शुष्कगोमय को प्राप्त करने वाली। यहाँ पर यह संदेह होता है कि 'करीष' शब्द का अर्थ शुष्क गोमय कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि —

गोविड् गोमयमस्त्रियाम् ।
तत्तु शुष्कं करीषोऽस्त्री ॥अमर० कां०२ व० ९ श्लो० ५१॥

गौ के विट्को गोमय कहते हैं और सूखा हुआ गोबर को करीष कहते हैं ॥५१॥ इस अमरकोष के प्रमाण से 'करीष' शब्द का अर्थ शुष्मगोमय होता है । अथवा सब वस्तुको समृद्धि करने वाली ब्रह्मा से लेकर स्तम्बपर्यन्त सब प्राणियों के । अब यहाँ पर यह शंका होती है कि "भूत" शब्द का अर्थ प्राणी कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

अव्यक्तादीनि भूतानि ॥भ० गी० अ०२ श्लो० २८॥

अव्यक्त आदि वाले सब प्राणी हैं ॥२८॥

क्षरः सर्वाणि भूतानि ॥भ० गी० अ० १५ श्लो० १६॥

ब्रह्मा से लेकर स्तम्बपर्यन्त सब प्राणि क्षर पुरुष हैं ॥१६॥

अभयं सर्व भूतेभ्यो ददामि ॥

वा. रा. युद्धकां. ६ सर्ग १८ श्लो. ३३॥

सब प्राणियों के लिये मैं अभय प्रदान करता हूँ ॥२३॥

एको देवः सर्व भूतेषु गूढः ॥श्वेताश्व० अ० ६ मं ११ ॥

एक नारायण देव सब प्राणियों में छिपा हुआ है ॥११॥

पादोऽस्य विश्वा भूतानि ॥

ऋग्वे. अष्ट. ८ मण्डल १० अध्या ४ अनुवा. ७ सूक्त. ९०मं ३॥

यह जो कुछ संसार प्राणियों के सहित है सो इस परमात्मा की एक पाद विभूति है ॥३॥

पादोऽस्य विश्वा भूतानि ॥यजुर्वे० अ० ३१ मं० ३॥

इन पूर्वोक्त प्रमाणों से "भूत" शब्द का अर्थ प्राणी होता है। 'सर्वभूतानाम्' यहाँ पर ॥ह्रस्वनद्यापो नुट् ॥७।१।५४॥ इस सूत्र से नुट् और ॥ नामी । ६।४।३ ॥ इस सूत्र से दीर्घ होता है। परमैश्वर्ययुक्त स्वामिनी 'ईश्वरीम्' यहाँ पर ॥अदादिपठित "ईश ऐश्वर्ये" इस धातु से ॥ स्थेशभास पिसकसो वरच् ॥३।२।१७५॥ इस सूत्र से वरच् प्रत्यय होता है। उस विश्वविख्यात सब की

सेवा करने योग्य श्रीदेवी को। यहाँ पर। मैं अपने समीप बुलाता हूँ। इस नवमी ऋचा का भावार्थ यह है कि सुगन्ध के द्वार से प्राप्त होनेवाली तथा किसी से कभी भी नहीं धर्षण होने वाली और धनधान्य आदिक पदार्थों से सदा पुष्ट रहनेवाली तथा सर्व समृद्धि से युक्त रहनेवाली सब प्राणियों की स्वामिनी विश्व विख्यात उस श्री देवी को मैं यहाँ पर अपने पास में आवाहन करता हूँ ॥९॥

॥ दशमी—ऋक् ॥

मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि ।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतांयशः ॥१०॥

अन्वयार्थ—(मनसः) संकल्प विकल्पात्मक मनके (कामम्) अभीष्ट पुत्रादिक की इच्छा को और (आकूतिम्) अभिप्रायगत मनोरथपरिकल्पित अर्थ को अथवा संकल्प को तथा (वाचः) वाणी की (सत्यम्) यथार्थता को और (पशूनाम्) गौ आदिक पशुओं के और (अन्नस्य) चावल गेहूँ आदिक अन्न के (रूपम्) स्वरूप को (अशीमही) हम प्राप्त होवें इसलिये (श्रीः) श्रीदेवी (मयि) मुझमें (यशः) यश को (श्रयताम्) आश्रयण करावें ॥१०॥

विशेषार्थ—श्रीदेवी के प्रभाव से हम। "अशीमहि" क्रिया पद के द्वारा 'वयम्' कर्तृपद का आक्षेप होता है। जिसका अर्थ हम होता हैं। संकल्प विकल्पात्मक मन के। यथेप्सितपुत्रादिककी

इच्छाको अब यहाँपर यह संदेह होता है कि "कामम्" इस पद का अर्थ इच्छा या यथेप्सित कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि भ्वादिपठित 'कमुकान्तौ' इस धातु से॥हलश्च॥३।३।१२१॥ इस सूत्र से घञ् प्रत्यय होकर "काम" शब्द निष्पन्न होता है जिसका अर्थ इच्छा है ? इस शक्तिग्राहक व्याकरणके प्रमाण से और—

कामं प्रकामं पर्याप्तं निकामेष्टं यथेप्सितम् ॥

अमर० कां० २ व० ९ श्लो० ५७ ॥

काम १, प्रकाम २, पर्याप्त ३, निकाम ४, इष्ट ५, यथेप्सित ६, ये यथेप्सित के नाम हैं ॥५७॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "कामम्" पद का अर्थ इच्छा या यथेप्सित होता है। "कामम्" यहाँ पर ॥कृत्तद्धितसमासाश्च॥१।२।४६॥ इस सूत्र से प्रातिपदिक संज्ञा और ॥स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस् ङसिभ्यां भ्यस् ङसोसाम्ङ्योस्सुप् ॥४।१।२॥ इस सूत्र से अम् प्रत्यय होता है। अभिप्रायगत मनोरथ परिकल्पित अर्थ को। यहाँ पर यह शङ्का होती है कि 'आकूतिम्' पद का पूर्वोक्त अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि-तुदादिपठित "कूङ् शब्दे" इस धातु से क्तिच्क्तौ च संज्ञायाम् ॥ ३।३।१७४ ॥ इस सूत्र से क्तिच् और ॥ तितुत्र तथसिसुसरकसेषु च ॥७।२।९॥ इस सूत्र से इट् का अभाव होकर "आकूतिम्" पद बनता है इससे अभिप्रायगत मनोरथ परिकल्पित अर्थ "आकूतिम्" पद का होता है। अथवा संकल्प को "आकूतिम्" यहाँ पर ॥ न विभक्तौ तुस्माः ॥१।३।४॥ इस

सूत्र से मकार की इत्संज्ञा नहीं होती है। तथा वाणी की। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "वाच्" शब्द का अर्थ वाणी कैसे होता? इसका उत्तर यह है कि —

यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः ॥वेद॥

जैसे इस कल्याण करनेवाली वाणी को सब जनों के लिये मैं अच्छी प्रकार से कहता हूँ। इस वेद के प्रमाण से और—

ब्राह्मी तु भारती भाषा गीर्वाग्वाणी सरस्वती ।
व्याहार उक्तिर्लपितं भाषितं वचनं वचः ॥

अमर० का० १ व० ६ श्लो० १॥

ब्राह्मी १, भारती २, भाषा ३, गीर् ४, वाक् ५, वाणी ६, सरस्वती ७, व्याहार ८, उक्ति ९, लपित १०, भाषित ११, वचन १२, वचस् १३ ये वचन के नाम हैं ॥१॥ इस अमरकोश के भी प्रमाण से 'वाच्' शब्द का अर्थ वाणी होता है। यह 'वाच्' शब्द 'वच् परिभाषणे' इस अदादिपठित धातु से ॥ क्विब्वचि-प्रच्छ्यायतस्तुकटप्रुजुश्रीणां दीर्घोऽसम्प्रसारणं च ॥वार्त्तिक०॥ इस वार्त्तिक से निष्पन्न होता है। तथ्यअर्थ को। अब यहां पर यह प्रश्न होता है कि 'सत्य' शब्द का तथ्य अर्थ कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि—

सत्यंवद । सत्यान्माप्रमदितव्यम् ॥

तैत्तिरियोप० वल्ली० १ अनुवा० ११ म० १०॥

तथ्य बोलो। तथ्य से नहीं असावधान होना चाहिये॥१॥

इसश्रुति से और—

तथ्यं सत्यमृतं सम्यगमूनि त्रिषु तद्वति ॥

अमर० कां० १ व० ६ श्लो २२ ॥

सत्य १, तथ्य २, ऋत ३, सम्यक् ४, ये सत्य के नाम हैं।२२॥

इस अमरकोश के प्रमाण से 'सत्य' शब्द का तथ्य अर्थ होता है और जावाल दर्शनोपनिषद्में लिखा है कि—

चक्षुरादीन्द्रियैर्दृष्टं श्रुतं घ्रातं मुनीश्वर।
तस्यैवेष्यवोक्तिर्भवेत्सत्यं विप्र तन्नान्यथा भवेत् ॥

जाबालद० खं० १ मं० ९ ॥

सर्वं सत्यं परं ब्रह्म न चान्यदिति या मतिः।
तच्च सत्यं वरं प्रोक्तं वेदान्तज्ञानपारगैः ॥१०॥

नेत्रादिक इन्द्रियों से देखा हुआ सुना हुआ सूंघा हुआ विषय को हे मुनीश्वर जो यथार्थ कहना है वही सत्य है अन्य सत्य नहीं हो सकता है ॥९॥ सब सत्य है परतत्त्व ब्रह्म है अन्य नहीं ऐसी जो मति है बड़ी श्रेष्ठ सत्य है इस प्रकार के वेदान्त ज्ञान के पारंगत मुनीश्वर लोग कहे हैं ॥१०॥ और गौ आदिक पशुओं के। अब यहाँ पर प्रश्न होता है कि यहाँ पशु शब्द का साक्षात् अर्थ क्या है? इसका उत्तर 'यह है कि ॥सर्वानविशेषेण पश्यति' सबको अविशेष से जो देखता है वह पशु है ॥अर्जिदृशि कम्यमि पशिवाधामृजिपसि तुग्धुग्दीर्घहकारश्च ॥ उणादि पा० १ ॥

इस नणादिसूत्र से निष्पन्न पशु शब्द होताहै। और चावल,चना आदिक अन्नों के। यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि अन्न किसको कहते हैं और कितने प्रकार के हैं? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

अद्यतेऽत्ति च भूतानि। तस्मादन्नं तदुच्यते ॥

तैत्तिरीय० वल्ली० २ अनुवा० २ मं० २

प्राणियों करके खाया जाता है और प्राणियों को खाता है तिससे वह अन्न कहा जाता है ॥ २ ॥ और अदादिपठित "अदभक्षणे" इस धातु से "अन्न" शब्द निष्पन्न होता है इससे खाद्य वस्तु को अन्न कहते हैं। और—

पचाम्यन्नं चतुर्विधम् ॥भ० गी० अ० १५ श्लो० १४ ॥

भक्ष्य १,भोज्य २ चोष्य ३,लेह्य ४, इस चार प्रकार के अन्न को पकाता हूँ ॥१४॥ इस श्रीमद्भगवद्गीता के प्रमाण से चार प्रकार का अन्न हैं। स्वरूप को। "रूप" शब्द चुरादिपठित 'रूप रूपक्रियायाम्" इसधातु से बनता है। जिसका अर्थ स्वरूप होता है। प्राप्त होवे। 'अशीमहि' यहाँ पर स्वादिपठित "अशूव्याप्तौ संघाते च" इस धातु से। तिप्तस्झि सिप्थस्थ मिब्वस्मस्तातांझ साथांध्वमिड्वहिमहिङ् ॥३।४।७८॥ इस सूत्र से महिङ् होता है। श्री देवी "श्रीः" यहाँ पर ॥ प्रातिपदिकार्थलिंगपरिमाण वचनमात्रे प्रथमा ॥२।३।४६॥ इस सूत्र से प्रथमा हुई है। मुझमें "मयि" यहाँ पर ॥ योऽचि ॥७।२।९५॥ इस सूत्र से

यकार होता है। यश को 'यश' यहाँ पर ॥ स्वमोर्नपुंसकात् ॥७।१।२३॥ इस सूत्र से लुक् होता है। आश्रयण करावें "श्रयताम्" यह पद भ्वादिपठित 'श्रिञ् सेवायाम्' इस धातु से लोट् लकार में ॥आमेतः ॥३।४।९०॥ इस सूत्र से निष्पन्न होता है। इस मंत्र में 'यश' प्रथमान्त भी हो सकता है। तब ॥ मयिश्रीः श्रयतांयशः ॥ इसका अर्थ यह हुआ कि—मेरे में संपदा और कीर्ति आश्रय लेवें। इस दशवीं ऋचा का भावार्थ यह है कि श्री देवी के प्रभाव से हम मन की इच्छा को और मनोरथ परिकल्पित अर्थ को अथवा संकल्प को तथा वाणी की यथार्थता को और गौ, भैंस आदि पशुओं के दूध दही आदिक रूप को तथा भक्ष्य, भोज्य, चोष्य, लेह्य, ऐसे चतुर्विध अन्न के भोग को प्राप्त होवें मुझमें संपदा और यश आश्रय लेवें अर्थात् मैं धनवान् और कीर्तिवाला होऊँ ॥१०॥

॥ एकादशी-ऋक् ॥

कर्दमेन प्रजाभूता मयि संभव कर्दम ।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम् ॥११॥

अन्वयार्थ-(कर्दम) हे लक्ष्मी के कर्दम नामक पुत्र ! अथवा हे लक्ष्मी के पितृभूत कर्दम नामक महर्षे ! (कर्दमेन) कर्दम नामवाला पुत्र से अथवा ब्रह्मा के पुत्र कर्दम नामक महर्षि से (प्रजा) प्रकृष्ट पुत्रवाली अथवा सब प्रजा (भूता) हुई अथवा

उत्पन्न हुई तू (मयि) मुझ में (संभव) भले प्रकार से उत्पन्न होजा और (पद्ममालिनीम्) कमल की मालावाली (मातरम्) माता (श्रियम्) श्री देवी को (मे) मेरे (कुले) वंश में (वासय) निवास कराओ ॥११॥

विशेषार्थ—हे लक्ष्मी देवी के पुत्र कर्दम नामक महर्षे ! अथवा हे लक्ष्मी देवी के पितृभूत कर्दम नामवाले महर्षे ! अब यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि "कर्दम" श्री देवी के पुत्र हैं इसमें क्या प्रमाण है ? इसका उत्तर स्वतः प्रमाण ऋग्वेद में लिखाहैकि-

आनन्दः कर्दमः श्रीदश्चिक्लीत इति विश्रुताः ।
ऋषयः श्रियः पुत्राश्च मयि श्रीर्देवीदेवता ॥

ऋग्वे० अष्ट० ४ मण्डल० ५ अध्या० ४ अनुवा० ६ ॥

आनन्द १, कर्दम २, श्रीद ३, चिक्लीत ४, ये विख्यात ऋषि श्री देवी के पुत्र हैं ये और पूज्य तथा स्तुति करने योग्य दिव्यगुणवाली श्री देवी मुझ में निवास करें ॥६॥ इस ऋग्वेद के प्रमाणसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि श्रीदेवी के पुत्र कर्दम महर्षि हैं । इसके बाद यह संदेह होता है कि लक्ष्मी देवी के पितृभूत कर्दम महर्षि यह अर्थ कैसे होता है । इसका उत्तर यह लिखा है कि—

इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत् ।
बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रतरिष्यति ॥

महाभारत० आदिपर्व १ अध्या० १ श्लो० ६७ ॥

इतिहास और पुराण से वेद का अर्थ निश्चय करे नहीं तो अल्प श्रुतसे वेद डरता है कि यह मुझको झूठाअर्थ करके वंचना करेगा ॥ ६७ ॥ इस श्लोक से निश्चित वेदार्थ निर्णायक पुराणमें लिखा है कि—

क्षीरोदार्णवसंभूतां श्रियं जग्राह कर्दमः ।
प्रजात्वेन तदा विप्रस्तदा प्रभृति कर्दमः पिता ॥पद्मपु०॥

क्षीर सागर से प्रगट हुई लक्ष्मी देवी को सन्तति रूप से कर्दम महर्षि ने ग्रहण किया तब वह विप्र कर्दम महर्षि उसीरोज सें लक्ष्मी देवी के पिता हो गये ॥ इस वचन से स्पष्ट सिद्ध होता है कि लक्ष्मी देवी के पिता कर्दम महर्षि हैं। 'कर्दम' यहाँ पर ॥ एकवचनं संबुद्धिः ॥२।२।४९॥ इस सूत्र से संबुद्धि संज्ञा और ॥ एङ्ह्रस्वात्संबुधेः ॥ ६।१ । ६९ ॥ इस सूत्र से लोप होता है। कर्दम नामवाला श्री देवी के पुत्र से। अथवा कर्दम नाम वाला लक्ष्मीदेवी के पिता से। 'कर्दमेन' यहां पर ॥कर्तृकरणयोस्तृतीया ॥ २।३।१८ ॥ इस सूत्र से तृतीया होती है। लक्ष्मी देवी प्रकृष्ट पुत्रवाली। अथवा सब जन प्रजा। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "प्रजा" शब्द का पूर्वोक्त दो अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर अमरकोश में लिखा है कि—

प्रजा स्यात्सन्ततौ जने ॥अमर कां० ३ व० ३ श्लो० ३८ ॥

प्रजा शब्द का प्रयोग सन्तति और जन में होता है ॥३८॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "प्रजा" शब्द का अर्थ सन्तति तथा

जन ये दो होते हैं। "प्रजा" यहां पर दिवादिपठित "जनी प्रादु र्भावे" इस धातु से ॥उपसर्गे च संज्ञायाम् ॥ ३ । २।९६ ॥ इस सूत्र से ड प्रत्यय होता है। हुई। उत्पन्न हुई। "भूता" यहाँ पर भ्वादिपठित "भू सत्तायाम्" इस धातु से ॥निष्ठा ॥३।२।१०२॥ इस सूत्र से क्त प्रत्यय होता है। तूँ क्रिया पद से आक्षिप्त 'त्वम्' पद का अर्थ तूँ है। श्रीसंप्रदाय निष्ठ मुझमें भले प्रकारसे उत्पन्न होजा। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि 'संभव' शब्द का उत्पन्न होजा अर्थ कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

संभवाम्यात्ममायया ॥ भ० गी० अ० ४ श्लो० ६॥

अपने ज्ञान से मैं उत्पन्न होताहूँ॥६॥इस श्रीमद्भगवद्गीता के प्रमाण से सं पूर्वक भू धातुका उत्पन्न अर्थ होता है। 'संभव' यहाँ पर 'भ्वादिपठित 'भू सत्तायाम्' इस धातु से ॥ लोट् च ॥ ३।३ । १६२ ॥ आशिषिलिङ्लोटौ ॥ ३ । ३ । २७३ ॥ इन सूत्रों से लोट् और ॥सेर्ह्यपिच्च ॥ ३।४।८७॥ इस सूत्र से हि तथा ॥अतो हेः ॥ ६।४।१०५ ॥ इस सूत्र से लुक् होता है। इस मंत्र में यह तात्पर्य है कि श्री देवी के पुत्र अथवा लक्ष्मी देवी के पितृभूत कर्दम जब मेरे में उत्पन्न हो जायेंगे तब लक्ष्मी देवी अपने ही पुत्र या पिता के लिये मेरे पास में चली आवेगी। मेरी यह प्रार्थना नही है कि श्रीदेवी केवल मुझमेंही निवास करें। किन्तु यह मेरी प्रार्थना है कि—कमलों की मालाधारण करने वाली। "पद्ममालिनीम्" यहाँ पर ॥ अमि पूर्वः ॥६।१।१०७॥

इस सूत्र से पूर्व रूप होता है। जननी। अब यहां पर यह प्रश्न होता है कि 'मातृ' शब्द का अर्थ जननी कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि—

जनयित्री प्रसूर्माता जननी ॥

अमरको० कां० २ व० ६ श्लो० २९ ॥

जनयित्री १, प्रसू २, माता ३, जननी ४, ये मां के नाम हैं ॥२९॥ इस अमरकोश के प्रमाण से 'मातृ' शब्द का अर्थ जननी होता है। और अदादिपठित "मा माने" इस धातु से ॥नप्तृनेष्टृत्वष्टृ भ्रातृ पोतृ जामातृमातृपितृ दुहितृ ॥उणादि०पा० २॥इस उणादि सूत्र के द्वारा 'मातृ' शब्द निष्पन्न होता है जिसका अर्थ जननी होता है। 'मातरम्' यहां पर ॥ ऋतोङि सर्वनामस्थानयोः ॥ ७। ३। ११० ॥ इस सूत्र से गुण होता है। श्री देवो को। मेरे श्री जन के। वशमें। अर्थात् पुत्र पौत्रादिक के यहां अथवा शिष्य प्रशिष्य के यहाँ। 'कुले' यहाँ पर ॥आद्गुणः ॥६।१।८७॥ इस सूत्र से गुण होता है। निवास कराओ। 'वासय' यहां पर भ्वादिपठित 'वस निवासे' धातु से ॥ तत्प्रयोजकोहेतुश्च ॥१। ४। ५५ ॥ इस सूत्र से हेतु संज्ञा और ॥ हेतुमति च ॥३।१।२६॥ इस सूत्र से णिच् प्रत्यय होता है। श्रीमद्भगवत महापुराण के अनुसार लक्ष्मी देवी का एक अवतार कर्दम मुनि की ख्याति नामक कन्यामें भृगु ऋषि से हुआ है उस अभिप्रायको भी लेकर इस मंत्र में कहा है कि सब प्रजा कर्दम ऋषि से उत्पन्न हुई है। श्रीमद्भागवत में यह कथा है कि—ब्रह्मा ने अपने

पुत्र कर्दम ऋषि से कहा कि "तुम सृष्टि रचो" तब कर्दम ऋषि ने स्वायंभुव मनु की कन्या देवहूति में नौ कन्यायें उत्पन्न की और वे कन्यायें अत्रि आदिक नौ ऋषियों से ब्याही गई। यह सब प्रजा उन्हीं कर्दम ऋषि की कन्याओं की संतति है और लक्ष्मी जी का अवतार भी उसी कर्दम ऋषिकी ख्याति नामवाली कन्या में भृगुमहर्षि से हुआ है। इस ग्यारहवीं ऋचा का भावार्थ यह है कि—कर्दम नामक पुत्र से श्री देवी प्रकृष्ट पुत्रवाली हुई। अथवा लक्ष्मी देवी के पितृभूत कर्दम ऋषि से सब प्रजा उत्पन्न हुई। हे श्री देवी के पुत्र कर्दम मुने! अथवा हे लक्ष्मी देवी के पितृभूत कर्दम नामक महर्षे! मुझ में भले प्रकार उत्पन्न होजा और कमल की माला धारण करनेवाली जगज्जननी श्री देवी को मेरे कुल में निवास कराओ ॥११॥

॥ द्वादशी ऋक् ॥

आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे।
निचदेवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले ॥ १२ ॥

अन्वयार्थ—(आपः) भगवदायतनभूत जल (स्निग्धानि) दधि, घृत प्रभृति चिक्कणपदार्थों को (सृजन्तु) उत्पन्न करें (चिक्लीत) हे श्रीदेवी के पुत्र चिक्लीत नामक मुने! अथवा हे लक्ष्मी देवी के गृह-रक्षक चिक्लीत नामक द्वारपाल! तूँ (मे) मेरे (गृहे) घर में (वस) निवास करो (च) और (देवीम्)

दिव्य गुण शाली (मातरम्) जगज्जननी (प्रियम्) श्रीदेवी को (मे) मेरे श्रीजन के (कुले) वंश में (नि) निश्चय करके (वासय) निवास कराओ ॥१२॥

विशेषार्थ—लक्ष्मी देवी का एक अवतार समुद्र से भी हुआ है। यह कथा पुराणों में समुद्र को मथनकर अमृतोत्पादन प्रसङ्ग में है। समुद्र में से चौदह रत्न निकले जिनमें एक लक्ष्मी देवी भी हैं। जिसको नारायण ने ग्रहण किया। इस आशय को लेकर कहते हैं कि—भगवदायतनभूत जल। अब यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि "आपः" का अर्थ जल कैसे होता है? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

॥ आपः पुनन्तु पृथिवीम् ॥नारायणोपनि०.मं० ३० ॥

जल पृथ्वी को पवित्र करें ॥३०॥

आपो हिष्ठा मयो भुवः ॥यजुर्वे० अ० ११ मं० ५० ॥

जल निश्चय करके ज्ञान और सुख को देने वाले हों॥५०॥

इन प्रमाणों से और ॥

आपः स्त्री भूम्नि वार्वारि सलिलं कमलं जलम् ।
पयः कीलालममृतं जीवनं भुवनं वनम् ।

अमर० कां० १ व० १० श्लो० ॥३॥

कबन्धमुदकं पाथः पुष्करं सर्वतो मुखम् ।
अम्भोऽर्णस्तोय पानीयं नीर क्षीराम्बुशम्बरम् ॥४॥
मेघपुष्पं घनरसः ॥५॥

आप १, वार् २, वारि ३, सलिल ४, कमल ५, जल ६, पय ७, कीलाल ८, अमृत ९, जीवन १०, भुवन ११, वन १२।३। कबन्ध १३, उदक १४, पाथ १५, पुष्कर १६, सर्वतोमुख १७, अम्भ १८, अर्ण १९, तोय २०, पानीय २१, नीर २२, क्षीर २३, अम्बु २४, शम्बर २५ ॥४॥ मेघपुष्प २६, घनरस २७, ये जल के नाम हैं ॥२७॥

इस अमरकोश के भी प्रमाण से 'आप.' का 'अर्थ जल होता है। 'आपः' यहाँ पर ॥ अप्तृन्तृच् .स्वसृनप्तृनेष्टृत्वष्टृक्षत्तृ होतृ पोतृ प्रशास्तृणाम् ॥६।४।११॥ इस सूत्र से दीर्घ होता है। दही घीव आदिक चिक्कण पदार्थों को। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि 'स्निग्ध' शब्द का अर्थ चिक्कण कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि—

चिक्कणं मसृणं स्निग्धम् ॥अमर० कां० २ व० ९ श्लो० ४६ ॥

चिक्कण १, मसृण २, स्निग्ध ३, ये चिक्कन के नाम हैं।४६। इसअ मरकोश के प्रमाण से 'स्निग्ध' शब्द का अर्थ चिक्कण होता है। (स्निग्धानि) यहाँ पर ॥जश्शसोः शिः ॥ ७ । १ ।२०॥ इस सूत्र से शि और "शि सर्वनामस्थानम्" ॥ १ । १ ।४२॥ इस सूत्र से सर्वनाम संज्ञा तथा ॥नपुंसकस्य झलचः ॥६।१।७२। इस सूत्र से नुम् होता है। उत्पन्न करें। 'सृजन्तु' यह पद तुदादिपठित 'सृज विसर्गे' इस धातु से ॥तुदादिभ्यः शः ॥ ३।१। ७७॥ इस सूत्र से श होकर निष्पन्न होता है। हे श्रीदेवी के पुत्र चिक्लीतनामक मुने! अथवा हे लक्ष्मीदेवी के चिक्लीत नामक गृहरक्षक!। अब यहाँ पर यह प्रश्न होता है 'चिक्लीत'

श्री देवी के पुत्र हैं इसमें क्या प्रमाण है ? इसका उत्तर स्वतः प्रमाण ऋग्वेद में लिखा है कि—

आनन्दः कर्दमः श्रीदश्चिक्लीत इति विश्रुताः ।
ऋषयः श्रियः पुत्राश्च मयि श्रीर्देवी देवता ॥

ऋग्वे० अष्ट० ४ मण्डल० ५ अध्या० ४ अनुवा० ॥६॥

आनन्द १, कर्दम २, श्रीद ३, चिक्लीत ४, ये विख्यात ऋषि श्रीदेवी के पुत्र हैं ये और पूज्य तथा स्तुति करने योग्य दिव्य गुण वाली श्री दवी मुझमें निवास करें ॥६॥ इस ऋग्वेद के प्रमाण से स्पष्ट ज्ञात होता है कि श्री देवी के पुत्र चिक्लीत' महर्षि हैं। इसके बाद यह सदेह होता है कि लक्ष्मीदेवी के गृह-रक्षक चिक्लीत नामक हैं इसमें क्या प्रमाण है ? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

इतिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदम् ॥

छान्दोग्योप० प्रपाठक० ७ अध्या० ७ खं ०१॥

इतिहास, पुराण, पांचवें वेद को जानता हूँ ॥ १ ॥ इस छान्दोग्य की श्रुति से सिद्ध पञ्चम वेदस्वरूप पुराण में लिखा है कि —

पद्मो भोगनिधिः शंखश्चतुर्दन्तो गजस्तथा ।
कल्याणसर्वः पञ्चास्यश्चिक्लीतो गृहरक्षकाः ॥पुराण०॥

पद्म १, भोगनिधि २, शंख ३, चतुर्दन्त ४, गज ५, कल्याण-सर्व ६, पंचास्य ७, चिक्लीत ८, ये घर के रक्षक हैं॥ इस पुराण के

वचन से स्पष्ट ज्ञात होता है कि लक्ष्मी देवी के गृहरक्षक "चिक्लीत" नामक हैं। 'चिक्लीत" यहाँ पर ॥ संबोधने च ॥२।३।४७॥ इस सूत्र से प्रथमा होती है। तूँ। क्रिया पद से कर्तृ "त्वम्" पद का आक्षेप होता हैं। जिसका अर्थ तूँ होता है। मेरे अकिंचन श्रीदास के। घर में। निवास करो। क्योंकि तेरे निवास करने से लक्ष्मीदेवी मेरे घर में स्वयं तेरे लिये चली आवेंगी। और स्थिर होकर मेरे गृह में रहेगी। "वस" यहाँ पर भ्वादिपठित "वस निवासे"इस धातु से ॥कर्तरि शप्॥ ३।१।६८ इस सूत्र से शप् होता है। और। "च" का अर्थ और है "च"यहाँ पर ॥ एक वचनमुत्सर्गतः करिष्यते॥महाभाष्य॥ इस महाभाष्य के वचन से जो सु होता है उसका ॥ चादयोऽ-सत्त्वे ॥ १।४।५७ ॥ इस सूत्र से निपात संज्ञा होकर और ॥स्वरादिनिपातमव्ययम् ॥ १।१।३७॥ इस सूत्र से अव्यय होकर अव्ययादाप्सुपः ॥२।४।८२॥ इस सूत्र से लुक् होता है। दिव्य गुणवाली। हम सबों की माता। सबके आश्रयण करने योग्य श्रीदेवी को। मेरे अकिंचन श्रीजन के। वंश में। अर्थात् पुत्र पौत्रादिक के यहां अथवा शिष्य प्रशिष्य के यहाँ। निश्चय करके। "नि" का अर्थ निश्चय करके है। "नि" यहाँ पर ॥ प्रादयः ॥१।४।५८॥ इस सूत्र से निपातसंज्ञा और ॥ व्यवहिताश्च ॥ १।४।८२॥ इस सूत्र से उपसर्ग संज्ञा होती है। निवास कराओ। इस बारहवीं ऋचा का भावार्थ यह है कि भगवदायतनभूत जल दही, घीव आदिक चिक्कण पदार्थों को उत्पन्न करें। हे श्रीदेवी के

पुत्र चिक्लीत नामक महर्षे अथवा हे लक्ष्मीदेवी के गृह रक्षक चिक्लीत नामक द्वारपाल ! तू मेरे घर में निवास करो और दिव्यगुणवाली जगज्जननी सबके आश्रयण करने योग्य श्रीदेवी को मेरे अकिंचन श्रीदासजन के वंश में अर्थात् पुत्र पौत्रादिक के यहाँ अथवा शिष्य प्रशिष्य के यहां निश्चय करके अचल होकर तूँ निवास कराओ ॥१२॥

॥ त्रयोदशी-ऋक् ॥

आर्द्रां पुष्करिणीं यष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम् ।
चन्द्रांहिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदोममावह ॥ १३ ॥

अन्वयार्थ—(जातवेदः) हे स्वतःसिद्धज्ञानवान् अग्निदेव ! तूँ (आर्द्राम्) दया से आर्द्रहृदयवाली अथवा क्षीरसमुद्र से प्रकट होने से क्लिन्नदेहवाली अथवा दिग्गजों से अभिषेक होने से आर्द्रदेहवाली (पुष्करिणीम्) पद्म के समान आकारवाली अथवा कमल में निवास करनेवाली अथवा दिग्गजों के शुण्डाग्र से अभिषिक्त देहवाली (यष्टिम्) छड़ी को धारण करने वाली अथवा अशक्त मनुष्य के आधार यष्टिस्वरूपवाली अथवा यजन क्रिया स्वरूपवाली (पिङ्गलाम्) कुछ रक्तिमा लिये पीतवर्ण वाली (पद्ममालिनीम्) कमलों की माला धारण करने वाली (चन्द्राम्) चन्द्रमा के समान प्रकाशमान और आनन्द देने

वाली अथवा चन्द्रमुखी (हिरण्मयीम्) हिरण्य आदिक समस्त धन के प्रचुरस्वरूप वाली अथवा प्रकाशस्वरूप वाली (लक्ष्मीम्) दिव्यलक्षणसंपन्न लक्ष्मी देवी को (मम) मेरे लिये (आवह) अच्छि प्रकार से बुलाकर प्राप्त करो ॥१३॥

विशेषार्थ—हे स्वतःसिद्ध ज्ञानवान् अग्निदेव !। केनोपनिषद् के तीसरा खण्ड के सोलहवें मंत्र के प्रमाण से और अमरकोश के पहला काण्ड के प्रथम वर्ग के छप्पनवां श्लोक के प्रमाण से "जातवेदः" का अर्थ अग्निदेव होता है । दया से आर्द्र हृदयवाली अथवा क्षीरसागर से प्रकट होने से क्लिन्न देह वाली अथवा दिग्गजों द्वारा सुवर्ण के कलश से अभिषेक होने से क्लिन्नशरीरवाली। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "आर्द्रां" शब्द का अर्थ क्लिन्न कैसे होता है। इसका उत्तर यह है कि भ्वादि पठित "अर्द गतौ याचने च" इस धातु से ॥ अर्देर्दीर्घश्च ॥ उणादि० पा० २ ॥ इस उणादि सूत्र से आर्द्रां निष्पन्न होता है। जिसका अर्थ मेदिनी कोश में लिखा है कि—

आर्द्रा नक्षत्रभेदे स्यात्स्त्रियां क्लिन्नेऽभिधेयवत् ॥मेदिनी को०॥

आर्द्रा शब्द का प्रयोग नक्षत्रभेद में और क्लिन्न में होता है ॥ इस मेदिनी कोशके प्रमाण से और—

आर्द्रं[1] सार्द्रं[2] क्लिन्नं[3] तिमिनं[4] स्तिमितं[5] समुन्नमुन्नं[6] च ॥

अमर० कां० ३ व० १ श्लो० १०५।

आर्द्रं १, सार्द्रं २, क्लिन्न ३, तिमित ४, स्तिमित ५, समुन्न ६, उन्न

९, ये क्लिन्न के नाम हैं ॥१०५॥ इस अमरकोश के प्रमाण से 'आर्द्रा' शब्द का अर्थ क्लिन्न होता है। अब यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि दिग्गजों द्वारा लक्ष्मी देवीका अभिषेक होता है इसमें क्या प्रमाण है ? इसका उत्तर सीतोपनिषद् में लिखा है कि—

कल्पतरुमूले चतुर्दिग्गजैरत्नघटैरमृतजलैरभिषिच्यमाना ॥

सीतोपनि०॥

कल्पवृक्षके मूल में पद्मासनारूढ़ लक्ष्मी देवी को चारि दिग्गज रत्न के कलशों से अमृतस्वरूप जल के द्वारा अभिषेक करते हैं॥ इस उपनिषद् के प्रमाण से ज्ञान होता है की दिग्गजों द्वारा लक्ष्मी देवी का अभिषेक होता है। और विष्णुपुराण के पहला अंशके नवें अध्याय में लिखा है कि समुद्र से लक्ष्मी देवी उत्पन्न हुई हैं। इससे आर्द्र देहवाली लक्ष्मी देवी हैं। 'आर्द्राम्' यहाँ पर ॥स्त्रियाम्॥ ४।१।३॥ इस सूत्र के अधिकार में ॥अजाद्यतष्टाप् ॥४।१।४॥ इस सूत्र से टाप् होता है। कमल के समान आकारवाली अथवा कमलवाली। अथवा कमल में निवास करने से और कमल लतारूप होने से लक्ष्मी देवी को पुष्करिणी कहा है। अथवा दिग्गजों के शुण्डाग्र से अभिषिक्त देहवाली। अब यहाँ पर यह प्रश्न होता है कि "पुष्कर" शब्द का अर्थ गज के शुण्डाग्र कैसे होता है ? इसका उत्तर यह लिखा हैं कि —

पुष्करं करिहस्ताग्रे वाद्यभाण्डमुखे जले ॥

अमर० कां० ३ व० ३ श्लो० १८६ ॥

व्योम्नि खड्गफले पद्मे तीर्थौषधिविशेषयोः ॥१८७॥

हस्तिके शुण्डाग्रमें १, वाद्यभाण्डके मुख में २, जल में ३, ॥१८६॥ आकाश में ४, खड्गकेफल में ५, कमल में ६, तीर्थ विशेष में ७, औषधिविशेष में ८, पुष्कर शब्द का प्रयोग होताहै ॥१८७॥ इस अमरकोश के प्रमाण से 'पुष्कर' शब्द का अर्थ गज का शुण्डाग्र होता है। छड़ी के समान सुन्दर चढ़ाव ऊतराँव एवं पतला देहवाली। अथवा दुष्टों को दण्ड देने के लिए छड़ी धारण करनेवाली। अथवा अशक्त मनुष्य के उठने के लिए आधार छड़ीस्वरूपवाली। अथवा सत्यनारायण भगवान् के दंडी सन्यासी होनेपर उनके पास सर्वदा रहने के अनुकूल दण्डावतार धारण करनेवाली। अथवा यजन क्रिया के स्वरूप वाली। अब यहां पर यह संदेह होता है कि 'यष्टि' शब्द का अर्थ छड़ी कैसे होता है ? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

यष्टिका कमलासनः ॥कृष्णोपनि० मं ८॥

श्रीकृष्ण भगवान् की छड़ी ब्रह्मा जी बने ॥८॥ इस उपनिषद् के प्रमाण से तथा श्रीरामायण में लिखा है कि—

वामे चांशेऽवसज्याथ शुभे यष्टिकमण्डलू ॥

वाल्मी० रामा० आरण्यकां० ३ सर्गे० ४६ श्लो० ३ ॥

वाम अंश में दण्ड और कमण्डलु को दबाकर गया ॥३॥ इस प्रमाण से और—

कान्तोपभोगललितैर्लुलिताङ्गयष्टिः ॥श्रीगुणरत्नको० श्लो० ४५॥

अपने कान्त के संभोग विलासों से मर्दित देहयष्टिवाली ॥८५॥ इस पराशर भट्टाचार्य के वचन प्रमाण से 'यष्टि' शब्द का अर्थ छड़ी होता है। इसके बाद यह प्रश्न होता है कि सत्य नारायण भगवान् के दण्डी सन्यासी रूप धारण करने पर उसके पास सर्वदा रहने योग्य श्री देवी रूप धारण करती हैं इसमें क्या प्रमाण है? इसका उत्तर विष्णुपुराण में लिखा है कि—

एवं यथा जगत्स्वामी देवदेवो जनार्दनः।
अवतारं करोत्येषा तथा श्रीस्तत्सहायिनी॥

विष्णुपु० अंश० १ अध्या० ९ श्लो० २७॥

पुनश्च पद्मसंभूता यदादित्यो भवद्धरिः।
यदा च भार्गवो रामस्तदाभूद्धरणी त्वियम्॥२८॥
राघवत्वे भवत्सीता रुक्मिणी कृष्णजन्मनि।
अन्येषु चावतारेषु विष्णोरेषानपायिनी॥२९॥
देवत्वे देवदेहेयं मानुषत्वे च मानुषी।
विष्णोर्देहानुरूपां वै करोत्येषात्मनस्तनुम्॥३०॥

इस प्रकार जैसे जगत्स्वामी देवदेव जनार्दन भगवान् अवतार लेते हैं वैसे ही विष्णुपत्नी लक्ष्मी देवी भी अवतार लेती है।२७। जब अदिति माता का पुत्र वामनावतार श्रीहरिने धारण किया तब पद्मसंभूता पद्मादेवी लक्ष्मी हुई। और पुनः जब भृगुकुल में प्रभु ने परशुरामावतार धारण किया तब लक्ष्मी धरणी देवी

हुई ॥२८॥ और जब रघुकुल में रामावतार हरि ने धारण किया तब लक्ष्मी सीता हुई। और जब नारायण ने कृष्णावतार धारण किया तब लक्ष्मी रुक्मिणी[1] देवी हुई। विष्णु के अन्य अवतारों में भी लक्ष्मी देवी तदनुकूल अवतार लेती हैं ॥२९॥ जब भगवान् देवावतार धारण करते है तब लक्ष्मी देवी देव देह धारण करती हैं। और जब हरि मनुजावतार धारण करते हैं तब लक्ष्मी मनुज देह धारण करती है। सर्वदा श्री विष्णु के देहानुरूप अपने शरीर को लक्ष्मी देवी बनाती है ॥ ३० ॥ इस प्रमाणानुसार जब नारायण परिव्राजकावतार धारण करतेहैं तब लक्ष्मी देवी तदनुकूल सर्वदा समीप में रहने योग्य दण्डावतार धारण करती है। इसीसे श्री देवी को 'यष्टि' वेद कहता है। 'यष्टि' शब्द भ्वादिपठित 'यज देवपूजा सङ्गतिकरणदानेषु' इस धातु से क्ति प्रत्यय होकर ॥ व्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराज भ्राजच्छशां षः। ८।२ ३६॥ इस सूत्र से ष और ॥ष्टुनाष्टुः ।८॥ ४।४१। इस सूत्र से ष्टुत्व होकर निष्पन्न होता है। यदि यहां पर यह कोई शंका करे कि ॥वचिस्वपियजादीनां किति॥६।१।१५॥ इस सूत्र से संप्रसारण होना चाहिये। तब इसका उत्तर महाभाष्य में लिखा है कि—

छन्दसि दृष्टानुविधिः ॥महाभा० ॥

इस महाभाष्य के प्रमाण से संप्रसारण नहीं होता है। अथवा ॥उणादयोऽव्युत्पन्नानि प्रातिपदिकानि॥परिभाषेन्दुशेखरपरिभा० २२॥ इस परिभाषा से अव्युत्पन्न 'यष्टि' शब्द स्वतः सिद्ध है।

जिसका ॥ अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपादिकम् ॥१।२।४५॥ इस सूत्र से प्रातिपदिक संज्ञा होती है । 'यज' धातु से निष्पन्न 'यष्टिम्' पद का अर्थ यह है कि—यजन क्रिया के स्वरूपवाली अर्थात् संपूर्ण यज्ञ निर्वाहिका । कपिल वर्ण वाली । अब यहाँ पर यह शंका होती है "पिङ्गल" शब्द का अर्थ कपिल कैसे होता है। इसका उत्तर यह है कि—

कडारः कपिलः पिङ्गपिशंगौ कद्रु पिङ्गलौ ॥

अमर० कां० १ व० ५ श्लो १६ ॥

कडार १, कपिल २, पिंग 3, पिशंग ४, कद्रु ५, पिंगल ६, ये कपिल के नाम हैं ॥१६॥ इस अमरकोशके प्रमाण से 'पिंगल' शब्द का अर्थ कपिल होता है । कमलों की माला धारण करनेवाली । अमरकोश के पहिला काण्ड के दशवांवर्ग के चालिसवां श्लोक के प्रमाण से 'पद्म' शब्द का अर्थ कमल होताहै । चंद्रमा के समान प्रकाशमान और आनन्ददेनेवाली अर्थात् जैसे चंद्रमा जगत् को प्रफुल्लित और आनन्दित करता है वैसे जगत् को प्रफुल्लित और आनन्दितकरनेवाली चन्द्रमुखी । अमरकोश का प्रथम काण्ड के पहिला वर्ग के तेरहवां श्लोक के प्रमाण से 'चन्द्र' शब्द का अर्थ चन्द्रमा होता है । सुवर्ण आदिक समस्त धन के प्रचुर स्वरूप वाली अथवा प्रकाश स्वरूपवाली । ईशोपनिषद् के पन्द्रहवां मंत्र के प्रमाण से "हिरण्मय" शब्द का अर्थ प्रकाश स्वरूप होता है । दिव्य लक्षण संपन्न श्रीदेवी को ।अमर कोश के प्रथम काण्ड के पहिला वर्ग के बायिसवां श्लोक के

प्रमाण से 'लक्ष्मी' शब्द का अर्थ श्रीदेवी होता है। मेरे लिये । अच्छी प्रकार से बुलाकर प्राप्त करावो। इस ऋचा के उत्तरार्धकी व्यख्या में प्रथमा ऋचा की उत्तरार्द्ध के व्याख्यान में विशेष लिख चुका हूँ। इससे यहां पर विशेष नहीं लिखता हूँ। इस तेरहवीं ऋचा का भावार्थ यह है कि–हे स्वतः सिद्ध ज्ञानवान् अग्निदेव ! दया से आर्द्रहृदयवाली अथवा क्षीरसागर से उत्पन्न होने से आर्द्र शरीरवाली अथवा दिग्गजों द्वारा रत्न के कलश से अभिषेक होने से आर्द्र देहवाली और पद्म के समान आकार-वाली अथवा कमल में निवासकरनेवाली अथवा दिग्गजों के शुण्डाग्र से अभिषिक्त शरीरवाली तथा यष्टि को धारण करने-वाली अथवा अशक्त मनुष्य के आधार यष्टिस्वरूपवाली अथवा यजन क्रिया स्वरूपवाली और कुछ लालिमा लिये पीतवर्णवाली कमलोंकी मालाधारण करने वाली चन्द्रमा के समान प्रकाशमान तथा आनन्द देनेवाली चन्द्रमुखी सुवर्णआदिक संपूर्ण धन के प्रचुर स्वरूपवाली प्रकाशमयी मेरी श्री देवी को अच्छी प्रकार से बुलाकर प्राप्त करावो ॥१३॥



॥ चतुर्दशी–ऋक् ॥

अर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम् ।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो ममावह ॥ १४॥

अन्वयार्थ—(जातवेदः) हे स्वतःसिद्धज्ञानवान् अग्निदेव ! तू (आर्द्राम्) भक्तोंपर सदा आर्द्र चित्तवाली अथवा सब संसार के जीवोंसे याचना होनेवाली (पुष्करिणीम्) पद्म के समान आकारवाली अथवा कमल में निवास करनेवाली अथवा दिग्गजों के शुण्डाग्र से अभिषिक्त शरीरवाली (पुष्टिम्)पुष्टिकी अभिमानी देवता अथवा पुष्टि के स्वरूप धारण करनेवाली (सुवर्णाम्) सुन्दर वर्णवाली अथवा सोना के रंग के समान कान्तिवाली (हेममालिनीम्) सोना की माला धारण करनेवाली (सूर्याम् सूर्य के समान प्रकाश स्वरूपवाली अथवा सब जगत को सुन्दर कर्म में लगानेवाली (हिरण्मयीम्) सुवर्ण आदिक समस्त धन के प्रचुरस्वरूपवाली अथवा प्रकाशस्वरूपवाली (लक्ष्मीम्) दिव्यलक्षणसम्पन्न लक्ष्मीदेवी को (मम) मेरे लिये (आवह) अच्छी प्रकार से बुलाकर प्राप्त करावो ॥१४॥

विशेषार्थ-हे स्वतःसिद्ध ज्ञानवान् अग्निदेव ! तूँ 'आवह' इसक्रिया पदसे आक्षिप्त कर्तृपद "त्वम्" का अर्थ तूँ है। भक्तों पर सदा आर्द्र चित्तवाली अथवा सब जगत् जिसकी याचना करता है। अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि पूर्वोक्त अर्थ " आर्द्राम् " पद का कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि भ्वादिपठित "अर्द गतौ याचने च" इस धातु से—

अर्देर्दीर्घश्च ॥उणा० पा० २॥

इस उणादिसूत्र से निष्पन्न "आर्द्र" शब्द होता है। जिसका

धात्वर्थ गति और याचना ये दोनों हैं। इससे और श्रीमद्भागवत में लिखा है कि—

॥ यस्याः स्ववीक्षणकृतेऽन्यसुरप्रयासः ॥श्रीमद्भाग०॥

नारायण से अतिरिक्त सब देवता जिस लक्ष्मीदेवीके दृष्टि-पात के लिये बड़ा यत्न करते हैं कि श्रीदेवी हमारीओर निहारे॥ इस श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रमाण से "आर्द्राम्" पद का पूर्वोक्त अर्थ होता है। अथवा दया से आर्द्र हृदयवाली अथवा समुद्र से उत्पन्न होने से विलन्न शरीरवाली अथवा दिग्गजों द्वारा सुवर्ण के कलश से अभिषेक होने से आर्द्र देहवाली। पद्म के समान अकारवाली अथवा कमल में निवास करनेवाली अथवा दिग्गजोंके शुण्डाग्रसे अभिषिक्त शरीरवाली। अमरकोश के तीसरे काण्ड के तीसरे वर्ग के .एकसौ छियासियवां श्लोक के प्रमाण से 'पुष्कर' शब्द का अनेक अर्थ होता है। इससे 'पुष्करिणीम्' पद का भी अनेक अर्थ होता है। पुष्टि की अभिमानी देवता अथवा पुष्टिरूप धारण करनेवाली। अब यहाँ पर यह प्रश्न होता कि पुष्टिरूपवाली श्रीदेवी हैं इसमें क्याप्रमाण है? इसका उत्तर यह है कि—

पुराणंन्यायमीमांसाधर्मशास्त्राङ्गमिश्रिताः।
वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुर्दश ॥

याज्ञ० स्मृ० अ० १ श्लो० ॥३॥

पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्मशास्त्र और छवो अङ्गों सहित

चारों वेद ये चौदह विद्या और धर्म के स्थान हैं ॥३॥ इस याज्ञवल्क्यस्मृति के वचन से प्रमाणस्वरूप सिद्ध पुराण में लिखा है कि—

या देवी सर्वभूतेषु पुष्टिरूपेण संस्थिता ॥ मार्कण्डेय पु० ॥

जो देवी सब प्राणियों में पुष्टिरूप से रहती है। इस मार्कण्डेय पुराण के प्रमाण से सिद्ध होता है कि पुष्टिरूपवाली श्री देवी हैं 'पुष्टिम्' यहाँ पर दिवादि पठित 'पुष पुष्टौ' इस धातु से ॥ स्त्रियां क्तिन् ॥३।३।९४॥ इस सूत्र से क्तिन् प्रत्यय होता है। सुन्दर वर्णवाली अथवा सोना के रंग के समान कान्तिवाली अब यहाँ पर यह संदेह होता है कि "सुवर्णाम्" पद का सुन्दर वर्णवाली यह अर्थ कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि "सु" का अर्थ है सुन्दर और—

वर्णो द्विजादौ शुक्लादौ स्तुतौ वर्णं तु वाक्षरे ॥

अमर० कां० ३ व० ३ श्लोक०४७॥

द्विज आदिक शुक्लादिक में स्तुति में अक्षर में वर्ण शब्द का प्रयोग होता है ॥ ४७ ॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "सुवर्णाम्" पद का सुन्दर वर्णवाली यह अर्थ होता है। और अमरकोश के दूसरे काण्ड के नवांवर्ग के चौरानबे श्लोक के प्रमाण से "सुवर्ण" शब्द का अर्थ सोना होता है। सोना की माला धारण करनेवाली। सूर्यके समान प्रकाशमान स्वरूपवाली अथवा सब प्राणियों को सुन्दर कर्म में लगाने वाली। अथवा

सूर्यरूपिणी। जैसे सूर्य प्रकाश और जल वर्षण द्वारा सब जीवों का पालन पोषण करता है वैसे ही श्रीदेवी ज्ञान और धनदान द्वारा सब प्राणियों का पालन पोषण करती है। अब यहाँ पर यह शंका होती है कि "सूर्याम्" पद का पूर्वोक्त अर्थ कैसे होता है? इसका उत्तर यह है कि "सरत्याकाशे सूर्यः" इस व्युत्पत्ति में भ्वादिपठित "सृ गतौ" इस धातु से ॥ राजसूय सूर्य मृषोद्यरुच्य कुप्य कृष्टपच्या व्यथ्याः ॥३।१।११४॥ इस सूत्र से कर्ता में क्यप् और निपात से उत्त्व होकर "सूर्य" शब्द निष्पन्न होता है। अथवा "सुवति कर्माणि लोकं प्रेरयति" इस व्युत्पत्ति में तुदादिपठित "षू प्रेरणे" इस धातु से ॥राजसूयसूर्य०॥ ।१।११४॥ इत्यादि सूत्र से क्यप् तथा रुट् होकर निष्पन्न "सूर्य" शब्द होता है। इसकेबाद —

सूर्याद्देवतायां चाब्वाच्यः ॥वार्ति०॥

इस वार्तिक से आप प्रत्यय होकर सूर्या शब्द होता है ।इस शक्ति ग्राहक व्याकरण के प्रमाण से "सूर्याम्" पद का पूर्वोक्त अर्थ होता है "सूर्याम्" यहाँ पर अचोरहाभ्यां द्वे ॥ ८।४।४६ ॥ इस सूत्र से विकल्प करके य को द्वित्व होता है। सुवर्ण आदिक समस्त धन के प्रचुरस्वरूपवाली अथवा प्रकाश स्वरूपवाली । ईषोपनिषद् के पन्द्रहवाँ मंत्र के प्रमाण से "हिरण्मय" शब्द का अर्थ प्रकाशस्वरूप होता है। दिव्यलक्षणसंपन्न श्रीदेवी को। मेरे लिये। अच्छी प्रकार से बुलाकर प्राप्त करावो। इस चौदहवीं ऋचा का भावार्थ यह है कि—हे स्वतः सिद्धज्ञानवान् अग्निदेव!

तूँ भक्तों पर सदा आर्द्र चित्तवाली अथवा सब प्राणी जिसकी याचना करते हैं। अथवा क्षीरसागर से उत्पन्न होने से आर्द्र-शरीरवाली अथवा दिग्गजों द्वारा सुवर्ण के कलश से अभिषेक होने से आर्द्र देहवाली और पद्म के समान आकारवाली अथवा कमल में निवास करने वाली अथवा दिग्गजोंके शुण्डाग्र से अभिषिक्त शरीरवाली तथा पुष्टि की अभिमानी देवता अथवा पुष्टि के स्वरूप धारण करने वाली सुन्दर वर्णवाली अथवा सोना के रंग के समान कान्तिवाली और सुवर्ण की माला धारण करने वाली सूर्य के समान प्रकाशमान स्वरूपवाली अथवा सब संसार को सुन्दर कर्म में प्रेरणा करनेवाली सुवर्ण आदिक समस्त धन के प्रचुरस्वरूपवाली अथवा प्रकाशस्वरूपवाली दिव्यलक्षणसंपन्न श्रीदेवी को मेरेलिये अच्छी प्रकार से बुलाकर प्राप्त कराओ ॥१४॥

पञ्चदशी—ऋक्

तां म आवह जातवेदो
लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।
यस्यांहिरण्यं प्रभूतंगावो
दास्योऽश्वान्विदेयं पुरुषानहम् ॥१५॥

॥ ऋग्वेदोक्तं शुद्धं श्रीसूक्तं सम्पूर्णम् ॥

अन्वयार्थ - (जातवेदः) हे स्वतः सिद्धज्ञानवान् अग्निदेव! तूँ (मे) मेरे लिये (ताम्) उस विश्वख्यात परमेश्वरी (अनपगामिनीम्) मुझे छोड़कर कभी नहीं जाने वाली (लक्ष्मीम्) सर्वलक्षण संपन्न श्रीदेवी को (आवह) अच्छी प्रकार से बुलाकर प्राप्त करावो (अहम्) मैं श्रीसंप्रदायस्थ श्रीजन (यस्याम्) जिस पुरुषकारस्वरूप श्रीदेवी के प्राप्त होने पर (प्रभूतम्) पुष्कल-- बहुत (हरण्यम्) सुवर्ण आदिक धन को तथा (गावः) गौ अथवा पृथ्वी और वाणी तथा इन्द्रियादिकों को और (दास्यः) दासियों को और (अश्वान्) तुरङ्गों को तथा (पुरुषान्) भगवत, भागवत, अचार्यों को अथवा मनुष्य अर्थात् पुत्र, पौत्र मित्र, शिष्य, दास आदिकों को (विन्देयम्) प्राप्त करलूँ ॥१५॥

विशेषार्थ—हे स्वतः सिद्धज्ञानवान् अग्निदेव ! केनोपनिषद् के तीसरे खण्ड के सोलहवें मंत्र के प्रमाण से और अमरकोश के पहला काण्ड के प्रथम वर्ग के छप्पनवाँ श्लोक के प्रमाण से 'जातवेदः' का अर्थ अग्निदेव होता है। तूँ यह आक्षिप्त कर्तृपद 'त्वम्' का अर्थ है। मेरे अकिंचन श्रीजन के लिये। उस विश्व-विख्यात जगदीश्वरी । मुझे छोड़कर कभी कहीं पर नहीं जाने वाली ।सर्वलक्षण संपन्न लक्ष्मीदेवी को। अच्छी प्रकारसे बुला कर प्राप्त करा दो। मैं श्रीसंप्रदायनिष्ठ श्रीजन। जिस पुरुषकार स्वरूप लक्ष्मीदेवी के प्राप्त होनेपर। पुष्कल अर्थात् बहुत सुवर्ण आदिक धन को । अमरकोश के दूसरा काण्ड का नौवाँ वर्ग के नब्बेवाँ श्लोक के प्रमाण से "हिरण्य" शब्द का अर्थ धन होता

है। और वहाँ के ही चौरानबे के श्लोक से सुवर्ण अर्थ होता है। गौ अथवा पृथ्वी अथवा वाणी अथवा इन्द्रियादिकों को। अमर-कोश के दूसरे काण्ड के नौवाँ वर्गके छाछठिवाँ श्लोक के प्रमाण से "गाव" का अर्थ गायों को होता है। और अमरकोशके दूसरे काण्ड के पहिले वर्ग के द्वितीय श्लोक के प्रमाण से पृथ्वी 'अर्थ होता है ॥गावः॥ यहाँ पर द्वितीया 'विभक्ति के स्थान पर॥ व्यत्ययो बहुलम् ॥३।१।८५॥ इससूत्र से प्रथमा विभक्ति हुई है। भृत्याओं को। अब यहाँ पर यह शंका होती है कि " दास " शब्द का अर्थ भृत्य कैसे होता है ? इसका उत्तर यह लिखा है कि—

भृत्येदासेयदासेरदासगोप्यकचेटक ।
नियोज्यकिंकरप्रैष्यभुजिष्यपरिचारकाः ॥

अमर० कां० २ व० १० श्लो० १७॥

भृत्य १, दासेय २, दासेर ३, दास ४, गोप्यक ५, चेटक६, नियोज्य ७, किंकर ८, प्रैष्य ९, भुजिष्य १०, परिचारक ११, ये सेवक के नाम हैं ॥१७॥ इस अमरकोश के प्रमाण से "दास" शब्द का अर्थ भृत्य होता है। और 'दास' शब्द से। पुंयोगादाख्यायाम्। ४।१।४८॥ इस सूत्र से ङीष् होकर दासी शब्द निष्पन्न होता है तथा ॥ बहुषु बहुवचनम्॥१।४।२१॥ इस सूत्रसे बहुवचन संज्ञा होने पर। इको यणचि। ६।१।७७॥ इस सूत्र से यण हो कर "दास्यः" पद निष्पन्न होता है। यहाँ पर भी द्वितीया विभक्ति के स्थान पर व्यत्यय से प्रथमा विभक्ति हुई है।

और तुरंगों को। अमरकोश के दूसरे काण्ड के आठवाँ वर्ग के तैंतालिसवाँ श्लोक के प्रमाण से 'अश्व' शब्द का तुरङ्ग अर्थ होता है। भगवत् भागवत आचार्यों को अथवा मनुष्य अर्थात् पुत्र पौत्र मित्र शिष्य और दास आदिकों को यजुर्वेद के एकतिसवाँ अध्याय के पहले मंत्र के प्रमाण से "पुरुष" शब्द का भगवान् अर्थ होता हैं। और पद्मपुराण के तथा अभिधान कोश क और श्रीमद्भगवद्गीता के पन्द्रहवाँ अध्याय के सोलहवाँ श्लोक के प्रमाण से "पुरुष" शब्द का भागवत अर्थ होता है। तथा त्रिपाद्विभूति महानारायणोपनिषद् के आठवाँ अध्याय के मंत्र के प्रमाण से "पुरुष" शब्द का आचार्य अर्थ होता है। और अमरकोश के दूसरे काण्ड के पाँचवाँ वर्ग के पहिले श्लोक के प्रमाण से "पुरुष" शब्द का मनुष्य अर्थ होता है। प्राप्त कर लूँ। इसकी विशेष व्याख्या दूसरी ऋचामें मैं लिख चूका हूँ। इससे यहाँ पर अधिक नहीं लिखता हूँ। इस श्रीसूक्त के अंतिम पन्द्रहवीं ऋचा का भावार्थ यह है कि—

हे स्वतः सिद्ध ज्ञानवान् अग्निदेव ! तूँ मेरे उस विश्व-विख्यात मुझे छोड़कर कभी नहीं जानेवाली श्रीदेवी को बुलाकर प्राप्त करावो मैं अकिंचन श्रीजन जिस पुरुषकार स्वरूप श्रीदेवी के प्राप्तहोने पर बहुत सुवर्ण आदिक धनको तथा गौ को अथवा पृथ्वी को अथवा वाणीको अथवा इन्द्रियादिकों को औरदासियों को तथा घोड़ों को और भगवत् भागवत आचार्यों को अथवा पुत्र पौत्र मित्र शिष्य दास आदिक मनुष्यों को प्राप्त करलूँ॥१५॥

श्रीसूक्तविधि श्रुतिः

यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम् ।
श्रियःप ञ्चदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत् ॥

ऋग्वे० अष्टक० ४ मण्डल० ५ अध्याय० ४ अनुवाक०६॥

श्रीवत्सवंशकलशोदधिपूर्णचन्द्रम् ।
श्रीकृष्णसूरिपदपङ्कजभृङ्गराजम् ॥
श्रीरङ्गवेङ्कटगुरूत्तमलब्धबोधम् ।
भक्त्या भजामिगुरुवर्य्यमनन्त सूरिम् ॥

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यवेदान्तप्रवर्तकाचार्य-
श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य सत्सम्प्रदायाचार्य-
जगद्गुरु भगवदनन्तपादीय श्रीमद्विष्वक्सेना-
चार्यस्वामिविरचिता "मर्मबोधिनी"
समाख्या "श्रीसूक्त" भाषा व्याख्या

—समाप्ता—

॥ श्रीः ॥

"दो बात"

प्रियपाठक सज्जन विद्याप्रेमियों !

श्रीपूज्यपाद प्रातःस्मरणीय सर्वतंत्रस्वतंत्र यतिचक्रचूडामणि जगदाचार्य महामना श्रीत्रिदण्डिस्वामीजी महाराज इस अपूर्व सारतम वैदिक ग्रंथ में —

(१) लक्ष्मीतन्त्र (२) सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद् (३) नारद-पञ्चरात्र (४) श्रीसूक्तभाष्य (५) स्कन्दपुराण (६) आचारमयूख (७) आह्निकसूत्रावलि (८) कालिकापुराण (९) आचारार्क (१०) त्रिपुरतापिन्युपनिषद् (११) देवीभागवत (१२) जाबालदर्शनोप-निषद् (१३) पाणिनीयशिक्षा (१४) मनुस्मृति (१५) हारीतस्मृति (१६) वैवस्वतस्मृति (१७) कूर्मपुराण (१८) व्यासस्मृति (१९)वृद्ध-मनुस्मृति (२०) ऋग्वेदसंहिता (२१) यजुर्वेदसंहिता (२२) साम-वेदसंहिता (२३) अथर्ववेदसंहिता (२४) मुण्डकोपनिषद् (२५) मीमांसाशास्त्र (२६) श्रीमद्भगवद्गीता (२७) अष्टाध्यायी (२८) केनोपनिषद् (२९) अमरकोष (३०) कठोपनिषद् (३१) सिद्धान्तकौमुदी (३२) पाण्डवगीता (३३) देवीपुराण (३४) लक्ष्मीसूक्त (३५) ईशोपनिषद् (३६) मेदिनीकोश (३७) पद्मपुराण (३८) विश्वकोश (३९) नारायणोपनिषद् (४०)

शतपथब्राह्मण (४१) बौधायनस्मृति (४२) विष्णुस्मृति (४३) शंखस्मृति (४४) वाल्मीकिरामायण (४५) महाभारत (४६) अग्निपुराण (४७) श्रीमद्भागवतपुराण (४८) नरसिंहपुराण (४९) अभिधानकोश (५०) त्रिपाद्विभूतिमहानारायणोपनिषद् (५१) ब्रह्मविद्योपनिषद् (५२) योगशिखोपनिषद् (५३) श्वेताश्वतरोपनिषद् (५४) प्रश्नोपनिषद् (५५) श्रीगुणसुधासारलहरी (५६) एकाक्षरीकोश (५७) निघण्टु (५८) बृहद्ब्रह्मसंहिता (५९) बृद्धहारीतस्मृति (६०) निरुक्त (६१) पुरुषसूक्त (६२) नारदपुराण (६३) वामनपुराण (६४) वैयाकरणभूषण (६५) तैत्तिरीयोपनिषद् (६६) छान्दोग्योपनिषद् (६७)विष्णुपुराण (६८) महाभाष्य (६९) सीतोपनिषद् (७०) कृष्णोपनिषद् (७१) श्रीगुणरत्नकोश (७२) परिभाषेन्दुशेखर (७३) याज्ञवल्क्यस्मृति (७४) आश्वलायनसूत्र (७५) मार्कण्डेयपुराण (७६) सत्यनारायणव्रतकथा (७७) गुरुपरम्परा। इन पुस्तकों के प्रमाण उद्धृत किये हैं।

वादिभीकृद्गुरोस्तुल्यः कोन्विहजगतीतले।
यस्य मठे प्रभो साक्षाद्वेणुगोपाल राजसे ॥१॥

ले०—श्रीवैष्णवदासानुदासः चतुर्भुजब्रह्मचारी।
मो० झरना (खैरा) पो० विश्रामपुर,
जि०—पलामू।

———❀———